वर्ष : 33 ▸ अंक : 91 ▸ पृष्ठ : 8 ▸ मुंबई, सोमवार, 17 जून, 2024 ▸ RNI: MAHHIN/49994/91 ▸ मूल्य : 3 रुपए ▸ epaper.dobajedopahar.com ▸ संपादक : अरुण लाल

दो बजे दोपहर

मुंबई, नवी मुंबई, ठाणे, पालघर, रायगढ़, नासिक, पुणे से एक साथ प्रकाशित

पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है

## ईवीएम एक बार फिर सवालों के घेरे में

# लोकसभा चुनाव नतीजों में कमाल फिर भी ईवीएम पर उठ रहे सवाल

**एजेंसी । नई दिल्ली**

लोकसभा चुनाव 2024 के परिणाम आने के बाद जब भाजपा के नेतृत्व वाला एनडीए 'अबकी बार 400 पार' का नारा देने के बावजूद 293 सीटों पर सिमट गया तो विपक्षी खेमें में खुशी की लहर दिखी। विपक्षी गठबंधन I.N.D.I.A. को भी 234 सीटें हासिल हुईं। उत्तर प्रदेश जैसे बड़े सियासी सूबे में भी विपक्ष ने कमाल का प्रदर्शन किया। यही वजह है कि चुनाव नतीजों के समय इस बार ईवीएम पर प्रश्न चिन्ह नहीं लगे। लेकिन अब ऐसा क्या हो गया कि ईवीएम एक बार फिर से सवालों के घेरे में आ चुकी है। लोकसभा चुनाव नतीजे आए हुए 12 दिन हो चुके हैं। केन्द्र में एनडीए की सरकार बन चुकी है। शपथ ग्रहण हो चुका है। मंत्रियों में विभागों का बंटवारा होने के बाद कामकाज भी शुरू हो चुका है। लेकिन इस बीच ईवीएम का जिन्न एक बार फिर से बोतल से बाहर आ चुका है। जिसकी शुरुआत महाराष्ट्र से हुई और चर्चा अमेरिका सहित पूरी दुनिया में।



### महाराष्ट्र से उछला मुद्दा

उत्तर पश्चिम मुंबई लोकसभा सीट से सांसद चुने गए शिवसेना (एकनाथ शिंदे गुट) के नेता रवीन्द्र वायकर के रिश्तेदार पर आरोप लगा कि उन्होंने 4 जून को मतगणना केन्द्र के अंदर फोन का इस्तेमाल किया। इसके लिए वनराई पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज हुआ। जांच आगे बढ़ी तो खुलासा हुआ कि रवीन्द्र वायकर के रिश्तेदार मंगेश पंडिलकर ईवीएम मशीन से जुड़े फोने का इस्तेमाल कर रहे थे। पुलिस के मुताबिक इस फोन का इस्तेमाल मशीन को अनलॉक करने वाली ओटीपी जनरेट करने के लिए किया गया था। वनराई पुलिस ने मंगेश पंडिलकर के साथ चुनाव आयोग के मतगणना कर्मी दिनेश गुरव को CTPC 41ए के तहत नोटिस भेजा है। गौरतलब है कि उत्तर पश्चिम मुंबई में रवीन्द्र वायकर ने महज़ 48 वोटों से जीत दर्ज की थी।

### राहुल गांधी ने उठाए सवाल

यह ख़बर और एलन मस्क का पोस्ट सामने आने बाद हंगामा शुरू हो गया। राहुल गांधी ने इसी ख़बर की अखबार कटिंग मस्क की पोस्ट पर कोट करते हुए लिखा कि 'भारत में ईवीएम एक 'ब्लैक बॉक्स' की तरह हैं। किसी को भी उनकी जांच करने की अनुमति नहीं है। हमारी चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता को लेकर गंभीर चिंताएं व्यक्त की जा रही हैं। जब संस्थानों में जवाबदेही की कमी हो जाती है तो लोकतंत्र एक दिखावा बन जाता है और धोखाधड़ी का शिकार हो जाता है।'

### एलन मस्कने भी उठाए सवाल

स्पेश एक्स और टेस्ला के सीईओ व दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति एलन मस्क ने भी शनिवार की शाम ईवीएम को लेकर एक्स पर पोस्ट किया। उन्होंने रॉबर्ट एफ कैनेडी की पोस्ट पर कोट करते हुए लिखा कि 'हमें इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों को ख़त्म कर देना चाहिए। इंसानों या एआई द्वारा हैक किए जाने का जोखिम है।' मस्क की इस पोस्ट पर बीजेपी नेता और पूर्व केन्द्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने काउंटर करते हुए उन्हें चैलेंज किया।

### मस्क को चंद्रशेखर का जवाब

राजीव चन्द्रशेखर ने मस्क को पोस्ट को कोट करते हुए कहा कि भारत की ईवीएम कस्टम डिजाइन्ड है। इंटरनेट, वाई-फाई, ब्लूटूथ से कनेक्टेड नहीं है। इसमें फैक्ट्री प्रोग्राम्ड कंट्रोलर्स हैं जिन्हें री-प्रोग्राम नहीं किया जा सकता। अगर आप एक ट्यूटोरियल चलाते हैं तो मुझे खुशी होगी। चंद्रशेखर के इस पोस्ट पर एलन मस्क ने रिप्लाई करते हुए लिखा कि 'Anything can be hacked' जिस पर चंद्रशेखर ने भी रिप्लाई करते हुए लिखा कि तकनीकी तौर पर आप सही हैं कुछ भी हैक किया जा सकता है। लेकिन ईवीएम पेपर वोटिंग के तुलना में कहीं ज्यादा सुरक्षित और विश्वसनीय है। हम असहमत होने पर सहमत हो सकते हैं।'

## ईद-उल-अजहा पर धार्मिक माहौल बिगाड़ने की कोशिश

# बकरे के ऊपर 'राम' नाम लिखकर बेचने का था प्लान

**दोपहर संवाददाता । मुंबई**

ईद-उल-अजहा से पहले नवी मुंबई से एक चौंकाने वाला मामला आया है। खबर है कि यहां एक मटन शॉप में एक बकरे के ऊपर 'राम' नाम लिखा उसे बेचने के लिए रखा गया था। भगवान राम हिंदु धर्म के आराध्य देवता हैं और उनसे करोड़ों हिंदुओं की आस्था जुड़ी हुई है। ऐसे में यह मामला धार्मिक भावनाओं को आहत करने का प्रतित हो रहा है।

FIR दर्ज



**'राम' नाम लिखे बकरे की कुर्बानी की थी योजना :** दरअसल इस बकरे की कुर्बानी देने की योजना थी। लेकिन उससे ठीक पहले हिंदू संगठन के लोगों को इसकी सूचना मिली जिसके बाद उन्होंने पुलिस स्टेशन के बाहर हंगामा बरपा दिया। मामले को तुल पकड़ता देख नवी मुंबई पुलिस ने FIR दर्ज की और मटन शॉप के मालिक को अरेस्ट कर लिया है। मामले पर मिली जानकारी के अनुसार , नवी मुंबई में सीबीडी सेक्टर वन में गुडलक मटन शॉप पर राम नाम लिखा हुआ एक बकरा बेचने के लिए लाया गया था। इस घटना पर हिंदू संगठनों द्वारा विरोध करने पर पुलिस ने IPC की कई धाराओं के तहत केस दर्ज करते हुए दुकान के मालिक को अरेस्ट किया है।

### मटन शॉप से 22 बकरे जब्त

पुलिस सूत्रों की मानें तो मटन शॉप के मालिक का नाम मोहम्मद शफी शेख है। पुलिस ने IPC की धारा 295 A के तहत केस दर्ज किया गया है। इसके अलावा IPC की धारा 34 और पशु क्रूरता के अधिनियम 11 के तहत भी मामला दर्ज हुआ है । खबर है कि, महानगरपालिका द्वारा इस मटन शॉप से 22 बकरों को जब्त किया गया है। बीते साल 2023 में भी मुंबई के मीरा रोड इलाके से भी कुछ ऐसा ही मामला सामने आया था। जब यहां एक आवासीय परिसर में एक मुस्लिम व्यक्ति बकरों को कुर्बानी के लिए लेकर आया था। जिसका वहां रहने वाले सोसाइटी के लोगों ने विरोध किया था। पता हो कि 17 जून को ईद-उल-अजहा है। ये मुसलमानों का त्यौहार है, जिसमें जानवरों की बलि दी जाती है। इन बलि के बाद 'मांस' पारंपरिक रूप से परिवार और अन्य लोगों के साथ साझा किया जाता है। कहा जाता है कि इस परंपरा में ईद समारोह के दौरान तीन दिनों तक जानवरों की बलि दी जाती है।

## न्यूज़ ब्रीफ

### सऊदी अरब में हीटस्ट्रोक का टॉर्चर, 14 हज यात्रियों की मौत

**रॉयटर्स।** ईद- उल-अजहा उत्सव के बीच सऊदी अरब में बड़ी संख्या में हज यात्रियों की भीड़ उमड़ी। हालांकि, सऊदी अरब में पड़ रही चिलमिलाती गर्मी हज यात्रियों के लिए चुनौती साबित हो रही है। हज के दौरान पारा 47 डिग्री से ऊपर तक पहुंच गया है। इससे खासतौर पर बुजुर्गों के लिए मुश्किलें बढ़ गई है। मक्का में भीषण गर्मी के कारण 6 लोगों की मौत हो चुकी है। अब ताजा अपडेट्ट के अनुसार, चल रहे हज यात्रा के दौरान 14 जॉर्डनियों की मौत हो गई है और 17 अन्य लापता हैं। इसकी जानकारी जॉर्डन के विदेश मंत्रालय ने रविवार को एक बयान में दिया है। इससे पहले जॉर्डन में विदेश मामलों और प्रवासियों के मंत्रालय ने पहले माउंट अराफात पर हीट स्ट्रोक के कारण छह जॉर्डन नागरिकों की मौत की पुष्टि की थी। हालांकि, कई अन्य स्थानीय सूत्रों ने इससे अधिक संख्या की सूचना दी है, जिसके अनुसार 17 तीर्थयात्रियों की मृत्यु हुई है और उनके नाम भी पब्लिश किये गये हैं।

### बेरहमी से किया गया दर्शन के फैन रेणुका स्वामी का मर्डर

**चित्रदुर्ग।** रेणुकास्वामी हत्याकांड मामले में बड़े चौंकाने वाले खुलासे हुए है। शनिवार शाम दर्शन और उसकी गर्लफ्रेंड



पवित्रा गौड़ा समेत सभी आरोपियों को अदालत में पेश किया गया। आरोपियों का बचाव कर रहे वकीलों ने सभी की पुलिस हिरासत बढ़ाने के खिलाफ दलीलें पेश की। वहीं, अधिवक्ता प्रसन्ना कुमार पी को विशेष सरकारी वकील (एसपीपी) के रूप में नियुक्त किया गया। सुनवाई के दौरान काफी चौंकाने वाले खुलासे हुए। इसमें बताया गया कि पीड़ित (रेणुकास्वामी) को आरोपियों द्वारा यातना के हिस्से के रूप में बिजली के झटके दिए गए थे। एसपीपी ने दावा किया कि रेणुकास्वामी के शरीर पर 7-8 जलने सहित 39 चोटें थीं। अदालत से आरोपियों की हिरासत नौ दिनों के लिए बढ़ाने का अनुरोध किया गया है।

# स्पीकर के चुनाव में होगा बड़ा खेला!

## BJP का गेम बिगाड़ने के लिए विपक्ष ने खेला नया दांव

**एजेंसी । नई दिल्ली/ मुंबई**

पीएम नरेंद्र मोदी को लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री की कुर्सी से दूर रखने की विपक्ष की सारी कोशिशें नाकाम हो गई हैं। प्रधानमंत्री और कैबिनेट मंत्रियों ने अपने पद की शपथ भी ले ली है। इसके बाद अब 18वीं लोकसभा का पहला सत्र 24 जून से शुरू हो रहा है। इस दौरान लोकसभा अध्यक्ष (स्पीकर) का चुनाव होगा। एनडीए गठबंधन के सत्ता में आने के बाद से विपक्षी गठबंधन INDIA अब स्पीकर पद को लेकर सियासी गुणा-गणित में जुटा हुआ है। इसी क्रम में विपक्ष ने नया दांव खेला है। शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के नेता संजय राउत ने कहा कि अगर सत्तारूढ़ गठबंधन में शामिल चंद्रबाबू नायडू की तेलुगु देशम पार्टी (TDP) स्पीकर पद के लिए अपना उम्मीदवार खड़ा करती है तो विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के सभी सहयोगी उसका समर्थन करेंगे।



### 'बीजेपी तोड़ देगी TDP'

रविवार को मुंबई में पत्रकारों से बात करते हुए राउत ने कहा कि, लोकसभा स्पीकर का चुनाव महत्वपूर्ण है। इस बार हालात 2014 और 2019 जैसे नहीं हैं। अगर स्पीकर पद नहीं मिलता है तो वह एनडीए सरकार में शामिल टीडीपी, जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) के साथ ही चिराग पासवान और जयंत चौधरी की पार्टियों को तोड़ देंगे।

### 'एनडीए सरकार अस्थिर'


राज्यसभा सांसद संजय राउत ने कहा कि जिसने बीजेपी को समर्थन दिया है वह उसके साथ धोखा करती है, हमें इसका अनुभव है। उन्होंने दावा किया कि एनडीए सरकार स्थिर नहीं है। आगे कुछ भी हो सकता है। राउत ने कहा, 'मैंने सुना है कि टीडीपी स्पीकर के लिए अपना उम्मीदवार खड़ा करना चाहती है। अगर ऐसा होता है, तो इंडिया गठबंधन इस मुद्दे पर चर्चा करेगी और उन्हें पूरा समर्थन देने का प्रयास करेगी। नियम के मुताबिक विपक्ष को उपाध्यक्ष का पद मिलना चाहिए।

## नागपुर फैक्ट्री विस्फोट मामला

# मृतकों की संख्या बढ़कर हुई 9

**एजेंसी । नागपुर**

महाराष्ट्र के नागपुर जिले में एक विस्फोटक निर्माण इकाई में हुए धमाके में घायल आखिरी व्यक्ति की भी मौत हो गई और इसके साथ ही मृतकों की संख्या बढ़कर नौ हो गई है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। डांडे अस्पताल के निदेशक डॉ. पिनाक डांडे ने बताया कि धमाके में बुरी तरह से झुलस चुके प्रमोद चावरे की शनिवार रात को एक निजी अस्पताल में मौत हो गई। यह धमाका गुरुवार को दोपहर करीब एक बजे शहर से लगभग 25



किलोमीटर दूर हिंगना पुलिस थाना क्षेत्र के धमना गांव स्थित 'चामुंडी एक्सप्लोसिव्स प्राइवेट लिमिटेड' में हुआ। इस घटना में घायल नौ लोगों को शहर के दो निजी अस्पतालों में भर्ती कराया गया। इसमें से छह की गुरुवार को उपचार के दौरान मौत हो गई, जबकि तीन अन्य ने पिछले दो दिनों में दम तोड़ दिया। मृतकों में छह महिलाएं शामिल हैं।

## सलमान के घर पर हुए फायरिंग मामले में

# एक अन्य आरोपी राजस्थान से गिरफ्तार

**दोपहर संवाददाता । मुंबई**

सलमान खान के घर पर हुए फायरिंग मामले में पुलिस ने एक और आरोपी को राजस्थान के बूंदी जिले से गिरफ्तार किया है। मुंबई की क्राइम ब्रांच पुलिस ने मामले में यह छठी गिफ्तारी की है। क्राइम ब्रांच की टीम ने रविवार को बूंदी जिले के हिंडोली से बनवारीलाल लटूरलाल गुर्जर नाम के व्यक्ति को गिरफ्तारी किया, जो लॉरेंस बिश्नोई गैंग से प्रभावित है। उसने पिछले दिनों यूट्यूब पर लॉरेंस बिश्नोई गैंग की चर्चा करते हुए सलमान खान की हत्या का योजना का जिक्र किया था। इसकी जानकारी के बाद पुलिस की टीम ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ के लिए मुंबई ले गई है।

# 'बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं'

## शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान बोले- NTA अधिकारियों पर होगी कार्रवाई

**संबलपुर (ओडिशा)।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (NTA) के अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की बात कही है। शिक्षा मंत्री ने रविवार को कहा, 'नीट मामले में किसी भी तरह की गड़बड़ी करने वाले को बख्शा नहीं जाएगा। बच्चों के भविष्य के साथ कोई खिलवाड़ बर्दास्त नहीं किया जाएगा।' शिक्षा मंत्री ने एनटीए पर भी नराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि एनटीए में भी अगर कोई दोषी होगा तो



उसे भी नहीं छोड़ेंगे। मंत्री ने कहा कि एनटीए, जो नीट (एनईईटी) परीक्षा आयोजित करता है, में सुधार की आवश्यकता है। प्रधान ने एएनआई से कहा, 'सुप्रीम कोर्ट की सिफारिशों पर 1,563 उम्मीदवारों की दोबारा परीक्षा का आदेश दिया गया है। दो जगहों पर कुछ अनियमितताएं सामने आई हैं। मैं छात्रों और अभिभावकों को आश्वस्त करता हूं कि सरकार ने इसे गंभीरता से लिया है।'

उन्होंने कहा, 'एनटीए के बड़े अधिकारी भी दोषी पाए गए तो उन्हें बख्शा नहीं जाएगा। एनटीए में बहुत सुधार की आवश्यकता है। सरकार इस बारे में चिंतित है, किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा, उन्हें कड़ी से कड़ी सजा मिलेगी।'

# भारत ने पहले वनडे में साउथ अफ्रीका के उड़ाए परखच्चे, मंधाना ने ठोका यादगार शतक

**एजेंसी । नई दिल्ली**

भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज में विजयी आगाज किया है। भारत ने रविवार को पहले वनडे में साउथ अफ्रीका को 143 रन से रौंद डाला। ओपनर स्मृति मंधाना की शतकीय पारी के दम पर टीम इंडिया ने बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में 265/8 का स्कोर खड़ा किया। जवाब में साउथ अफ्रीका की पारी 37.4 ओवर में 122 रन पर सिमट



गई। ऑलराउंडर आशा शोभना ने कातिलाना गेंदबाजी की। उन्होंने 8.4 ओवर में महज 21 रन देकर चार विकेट चटकाए। दीप्ति शर्मा ने दो जबकि रेणुका ठाकुर सिंह, पूजा वस्त्रकार और राधा यादव ने एक-एक विकेट लिया।

# मुंबई पुलिस ने ईवीएम 'अनलॉक' करने से जुड़ी खबर का किया खंडन

**दोपहर संवाददाता । मुंबई**

मुंबई पुलिस के एक अधिकारी ने रविवार को कहा कि लोकसभा चुनाव में मतगणना के दिन एक नवनिर्वाचित सांसद के रिश्तेदार द्वारा मोबाइल फोन से ईवीएम को 'अनलॉक' करने की खबर फर्जी और निराधार है। एक अखबार की खबर में दावा किया गया है कि मुंबई उत्तर-पश्चिम के सांसद रवींद्र वायकर के रिश्तेदार मंगेश पंडिलकर ने गोरेगांव के नेस्को में मतगणना केंद्र के अंदर एक मोबाइल फोन का इस्तेमाल कर 'एक ओटीपी जेनरेट किया, जिससे ईवीएम अनलॉक हो गई।' वायकर ने 48 वोटों के मामूली अंतर से यह सीट जीती थी। वनराई थाने के अधिकारी ने कहा, 'यह खबर फर्जी और निराधार है। किसी भी अधिकारी ने ऐसी कोई सूचना (ईवीएम को अनलॉक करने के संबंध में ओटीपी जेनरेट करने के लिए मोबाइल फोन के इस्तेमाल की बात) नहीं दी है।'



वनराई पुलिस ने वायकर के रिश्तेदार पंडिलकर के खिलाफ बुधवार को भारतीय दंड संहिता की धारा 188 (आधिकारिक आदेश की अवज्ञा) के तहत मामला दर्ज किया था।

पंडिलकर पर आरोप है कि उन्होंने 4 जून को आम चुनाव के नतीजों की घोषणा के समय गोरेगांव स्थित मतगणना केंद्र पर मोबाइल फोन का इस्तेमाल किया था। जोगेश्वरी विधानसभा क्षेत्र के मतदान अधिकारी दिनेश गुरव के खिलाफ भी पुलिस ने मामला दर्ज किया है। गुरव का मोबाइल फोन मतगणना के दिन एक अनधिकृत व्यक्ति के पास पाया गया था.इससे पहले, मुंबई उत्तर-पश्चिम लोकसभा क्षेत्र की रिटर्निंग अधिकारी वंदना सूर्यवंशी ने खबर का खंडन करने के लिए प्रेस वार्ता आयोजित की।

सूर्यवंशी ने कहा, 'ईवीएम एक स्वतंत्र प्रणाली है और इसे अनलॉक करने के लिए ओटीपी की कोई जरूरत नहीं है। हमने एक अखबार को भारतीय दंड संहिता की धारा 499, 505 के तहत मानहानि और झूठी खबर फैलाने के लिए एक नोटिस जारी किया है।' उन्होंने कहा कि ईवीएम में किसी भी तरह की छेड़छाड़ की आशंका को खत्म करने के लिए उन्नत तकनीकी विशेषताएं और मजबूत प्रशासनिक सुरक्षा उपाय मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि मतगणना प्रक्रिया स्वतंत्र है और इसका मोबाइल फोन के अनधिकृत इस्तेमाल से कोई लेना-देना नहीं है।

# संसद भवन में स्थापित होगा 'प्रेरणा स्थल'

**नई दिल्ली।** संसद भवन में देश के महापुरुषों और महान स्वतंत्रता सेनानियों की प्रतिमाओं के लिए 'प्रेरणा स्थल' का निर्माण किया गया है। जिसका उद्घाटन उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ करेंगे। 'प्रेरणा स्थल' में स्वतंत्रता सेनानियों और अन्य नेताओं की सभी मूर्तियां रखी जाएंगी। जिन्हें पहले संसद परिसर में अलग-अलग स्थानों पर रखा गया था। भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने कहा कि यह प्रसन्नता का विषय है कि संसद परिसर में एक प्रेरणा स्थल स्थापित किया जा रहा है, जिन महान देशभक्तों ने आजादी की लड़ाई में अपने जीवन को कुर्बान किया। उन सभी की जीवनी, मूर्ति, तस्वीर लगाकर आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा देने के लिए इसका निर्माण किया जा रहा है। यह बहुत प्रशंसनीय कार्य है। भाजपा सांसद संजय जायसवाल ने कहा कि मैं विशेष रूप लोकसभा सचिवालय का आभार व्यक्त करता हूं कि उन्होंने 'प्रेरणा स्थल' का निर्माण करवाया। लोकसभा में विभिन्न स्थानों पर देश की महान हस्तियों की मूर्ति लगी हुई थी।

# महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में हालत बदलेंगे, एनडीए को बहुमत मिलेगा: प्रफुल्ल पटेल

**दोपहर संवाददाता | मुंबई**



राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी एपी) के नेता प्रफुल्ल पटेल ने रविवार को गोंदिया में कहा कि महाराष्ट्र में होने वाले विधानसभा चुनाव में हालत बदलेंगे और एनडीए को बहुमत मिलेगा। पटेल ने कहा कि उनकी पार्टी महाराष्ट्र में 90 सीटों पर सहयोगी दलों के साथ चुनाव लड़ेगी। पटेल ने कार्यकर्ताओं को चुनाव की तैयारी में जुटने की अपील की है।

प्रफुल्ल पटेल ने रविवार को गोंदिया में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले विधानसभा चुनाव में हम 57 सीटों पर जीते थे। इसी आधार पर हम विधानसभा चुनाव में 85 से 90 सीटें मांगने जा रहे हैं। पटेल ने कहा कि लोकसभा चुनाव में हमारे विरुद्ध झूठा प्रचार किया गया, लेकिन इसका जवाब देने में हम कमजोर पड़े। इसके साथ ही लोकसभा चुनाव से पहले सीटों के बंटवारे को लेकर काफी खींचतान हुई थी। सातारा और नासिक की सीटों पर काफी विवाद था, इसलिए नासिक की सीट पर उम्मीदवार की घोषणा करने में एनडीए को देरी हुई थी। इसलिए आगामी विधानसभा चुनाव के लिए सीटों का बंटवारा जल्द करने का प्रयास किया जाएगा।

प्रफुल्ल पटेल ने कहा कि केंद्रीय मंत्रिमंडल के अगले विस्तार में उन्हें कैबिनेट मंत्री पद मिलने वाला है। उन्होंने कहा कि बहुत जल्द राज्य में भी मंत्रिमंडल का विस्तार होगा और उनकी पार्टी को कुछ और मंत्री पद मिलेंगे।

# नवी मुंबई में धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के आरोप में पुलिस ने मीट की दुकान सील की

**एजेंसी | नवी मुंबई**



नवी मुंबई में काटने के लिए लाए बकरे पर एक धार्मिक नाम लिखे होने पर पुलिस ने मांस की दुकान को सील कर दिया। एक पुलिस अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी।उन्होंने बताया कि शिकायत के आधार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने शनिवार को सीबीडी बेलापुर स्थित दुकान को सील कर दिया और उसके मालिक एवं एक कर्मचारी समेत तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया। शिकायत के अनुसार अधिकारी ने कहा कि दुकान पर काटने के लिए 22 बकरियां लाई गई थीं, उसमें से एक पर धार्मिक नाम लिखा था। शिकायतकर्ता ने तीनों लोगों पर बकरी के साथ ''क्रूरता'' करने का भी आरोप लगाया।उन्होंने बताया कि तीनों आरोपियों की पहचान मोहम्मद शफी शेख, साजिद शफी शेख और कुय्याम के रूप में हुई है। उनपर धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के लिए भारतीय दंड संहिता की धारा- 295 (ए) और धारा 34 के तहत और पशु क्रूरता निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# परभणी में जाली नोट छापने वाले दो गिरफ्तार, 50 हजार रुपये के नोट जब्त



**मुंबई।** परभणी शहर के शाही मस्जिद इलाके में पुलिस ने छापा मारकर जाली नोट छापने वाले गिरोह का भंडाफोड़ करके दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने कुल 50 हजार रुपये के नोट, एक लैपटॉप, एक मोबाइल फोन, बॉन्ड पेपर, स्याही, प्रिंटर आदि सामान जब्त किया है। पुलिस के अनुसार परभणि जिले के मोंधा पुलिस स्टेशन की टीम को शाही मस्जिद के पीछे जाली नोट छापे जाने की गोपनीय सूचना मिली थी। इस पर पुलिस ने शनिवार की रात को छापा मारा और गणेश उर्फ गनी प्रकाश पांडे और शेख अदनान शेख नयूम को गिरफ्तार किया है। इस मामले में पुलिस गहन छानबीन कर रही है।

# कोपरी पूर्व में एक इमारत की छत गिरने से तीन व्यक्ति हुए घायल

**दोपहर संवाददाता | ठाणे**



ठाणे के कोपरी पूर्व में श्री स्वामी समर्थ मठ के पास,मीठ बंदर रोड पर श्रमदान सोसायटी नामक एक 35 वर्षीय पुरानी इमारत क्रमांक 3 के 4 मंजिला इमारत में की दूसरी मंजिल के छत का प्लास्टर गिरने से तीन लोग घायल हो गए हैं।

बता दें कि इमारत में कुल 20 मकान हैं, जिसमें कुल 60 से 65 के लोग रहते हैं। इमारत की दूसरी मंजिल के रूम नं 10 के छत का प्लास्टर रविवार को सुबह अचानक गिरने से तीन लोग घायल हो गए। घटना की जानकारी मनपा के आपत्ति विभाग को मिलते ही तत्काल बचाव कार्य के लिए घटना स्थल पर पहुचीं। घायलों 1 का नाम प्रदीप मोहिते(46), यश मोहिते (16) और निधी मोहिते (12) है, जिन्हें सिविल अस्पताल में उपचार के लिए ले जाया गया और इलाज के बाद छोड़ दिया। साथ ही उनको दूसरे जगह रहने के लिए सलाह दी गई। कुछ दिन पहले मनपा आयुक्त सौरभ राव ने मनपा मुख्यालय पर अधिकारियों के साथ बैठक कर शहर की जर्जर इमारत में रहने वाले लोगों को दूसरे जगह 24 घंटे में रहने के लिए व्यवस्था करने के लिए निर्देश दिया थे और ऐसी इमारतों का पानी,बिजली,सीवरेज कट करने के लिए कहा था। इस घटना की जानकारी मोबाईल फोन पर आपत्ति विभाग के अधिकारी याशीन तड़वी ने दिया और ऐसी इमारतों को खाली करवाने की बात पर उन्होंने बताया कि रहिवासी मारपीट करने के लिए उतारू हो जाते हैं। घटना स्थल पर उपायुक्त शंकर पाटोले, नौपाडा-कोपरी प्रभाग सहायक आयुक्त, आपत्ति विभाग,सार्वजनिक निर्माण कार्य अभियंता, उप अभियंता, अग्निशमन विभाग के जवान,कोपरी पुलिस अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

# श्मशान घाट में दफनाया गए दस महीने के बच्चे का शव गायब

**दोपहर संवाददाता | मुंबई**



सोलापुर शहर के श्मशान घाट में दफनाया गए 10 महीने के बच्चे का शव गायब हो गया है। रविवार को इसकी जानकारी मिलते ही गांव में सनसनी फैल गई है। सोलापुर पुलिस गायब बच्चे के शव की सरगर्मी से तलाश कर रही है। पुलिस के अनुसार वाघमारे परिवार का दस माह का बच्चा प्रियांश वाघमारे खेलने के दौरान घायल होने पर उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इलाज के दौरान 14 जून को प्रियांश की मौत हो गई थी। परिजनों ने श्मशान घाट पर प्रियांश के शव का अंतिम संस्कार कर उसे दफना दिया था। रविवार को तीसरे दिन का अनुष्ठान करने के लिए वाघमारे परिवार जब श्मशान घाट पहुंचा, तो जहां प्रियांश को दफनाया था, वहां उन्हें एक गड्ढा मिला। शव गायब था। इसके बाद वाघमारे परिवार ने तत्काल इसकी जानकारी पुलिस को दी और पुलिस टीम ने मौके पर जाकर मुआयना भी किया। इस मामले की छानबीन पुलिस कर रही है। लोगों में जादू-टोना के लिए बच्चे का शव गायब करने की भी अटकलें लगाई जा रही हैं।

# सीमेंट मिक्सर वाहन पलटने से एक बच्चे की मौत, 6 घायल

**दोपहर संवाददाता | ठाणे**



ठाणे के पास मुंब्रा इलाके में बीती रात एक सीमेंट मिक्सर वाहन पलट जाने से एक बच्चे की मौत हो गई। इस घटना में 6 लोग घायल हो गए हैं और सभी का इलाज कलवा स्थित शासकीय अस्पताल में हो रहा है। पुलिस के अनुसार शनिवार को देर रात एक सीमेंट मिक्सर वाहन अचानक सुरक्षा दीवार तोड़ते हुए सम्राट नगर सोसाइटी में घुसकर पलट गया, जिससे सात लोग कुचल गए। सभी घायलों को कलवा स्थित शासकीय अस्पताल में पहुंचाया, लेकिन इलाज के दौरान रविवार तड़के नासिर शेख (14 वर्ष) की मौत हो गई। विशाल सोनावणे (25 वर्ष),आशिक इनामदार (15 वर्ष), प्रभाकर सालियान (48 वर्ष), अब्दुल वफ़ा (50 वर्ष), फरीद शेख (54 वर्ष) और आशा दधवाड (58 वर्ष) का इलाज अस्पताल में चल रहा है। सीमेंट मिक्सर वाहन का चालक फरार हो गया है। मुंब्रा पुलिस स्टेशन की टीम फरार चालक की सरगर्मी से तलाश कर रही है।

# डहाणू-नासिक रेल संपर्क परियोजना को प्राथमिकता दी जाएगी: हेमंत सावरा



**दोपहर संवाददाता | पालघर**

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नवनिर्वाचित सांसद हेमंत सावरा ने रविवार को कहा कि महाराष्ट्र में डहाणू-नासिक रेल संपर्क परियोजना का पुनरुद्धार कराना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। सावरा ने बातचीत के दौरान कहा कि वह अपने निर्वाचन क्षेत्र पालघर में जारी और लंबित परियोजनाओं की समीक्षा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। सांसद ने कहा कि वह संसद के आगामी सत्र में डहाणू-नासिक रेल संपर्क परियोजना पर तत्काल विचार करने के लिए दबाव डालेंगे।प्रस्तावित रेल संपर्क डहाणू रोड और नासिक रोड स्टेशन के बीच लगभग 167 किलोमीटर की दूरी को कवर करेगा और ठाणे जिले के आंतरिक क्षेत्रों से संपर्क बढ़ाएगा। सावरा ने वधावन बंदरगाह और मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन जैसी बुनियादी परियोजनाओं में तेजी लाने के लिए भूमि अधिग्रहण में वाली चुनौतियों से निपटने का भी संकल्प लिया।

# अमोल कीर्तिकर की हार EVM से नहीं बल्कि पोस्टल वोटों से हुई, एकनाथ शिंदे गुट का दावा




**दोपहर संवाददाता | मुंबई**

लोकसभा चुनाव के खत्म होने के बाद इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन एक बार फिर से सुर्खियों में है। महाराष्ट्र में मुंबई पश्चिम लोकसभा सीट से निर्वाचित रवींद्र वायकर के रिश्तेदार पर 4 जून को मतगणना केंद्र में मोबाइल फोन का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया गया है। इसको लेकर पुलिस ने वायकर के रिश्तेदार के खिलाफ मामला दर्ज किया है। इस पर अब कांग्रेस छोड़ शिवसेना में शामिल हुए संजय निरुपम ने पलटवार किया है। उन्होंने दावा किया कि EVM मोबाइल से अनलॉक या लॉक नहीं होती। वहीं, उन्होंने दावा किया कि कीर्तिकर EVM से नहीं बल्कि पोस्टल वोटों के कारण हारे। गौरतलब है कि मुंबई उत्तर पश्चिम लोकसभा सीट से रविंद्र वायकर ने शिवसेना (उद्धव ठाकरे गुट) के उम्मीदवार अमोल कीर्तिकर को महज 48 वोट हराया। इस सीट पर पहले कीर्तिकर को एक वोट से विजयी घोषित किया गया था, लेकिन रीकाउंटिंग करने पर वायकर 48 वोट से जीत गए। संजय निरुपम ने कहा, 'रवींद्र वायकर को 1550 वोट और अमोल कीर्तिकर को 1501 पोस्टल वोट मिले। EVM में वोटों की गिनती पूरी होने के बाद पोस्टल वोटों को इसमें जोड़ दिया जाता है। इसलिए EVM में वोटों की गिनती में कीर्तिकर को एक वोट अधिक मिला। वहीं, जब पोस्टल वोट जोड़े गए तो कीर्तिकर 48 वोटों से हार गए।'

## मतगणना में गड़बड़ी खबरे फैला रहा ठाकरे गुट

उन्होंने कहा, 'चुनाव के नतीजे आने के बाद से ही ठाकरे गुट मतगणना में गड़बड़ी होने की खबरे फैला रहा है। ऐसा कहा जा रहा है कि रवींद्र वायकर को प्रशासन ने जीताया। दोनों पक्षों को दो-दो बार रीकाउंटिंग की मांग करने का अधिकार है और वह मांग की भी गई। अगर उसे अस्वीकार कर दिया गया होता, तो आप कह सकते थे कि प्रशासन ने अपने पद का दुरुपयोग किया और सत्तारूढ़ महायुति के उम्मीदवार को जिताने के लिए काम किया।'

## मतगणना केंद्र पर मोबाइल के इस्तेमाल क्या बोले निरुपम

निरुपम ने कहा, 'मतगणना केंद्र पर एक व्यक्ति मोबाइल फोन लेकर गया था, यह जांच का विषय है। यह मोबाइल रवींद्र वायकर के रिश्तेदार का है या नहीं, इसकी जांच होनी चाहिए। हो सकता है उसके पास मोबाइल फोन भी न हो। अगर ऐसा है तो उसके अनुरूप ही कोई कार्रवाई की जानी चाहिए। सबसे पहले हमें यह देखना होगा कि यह मोबाइल किसका है।'

# अगर बीजेपी 400 का आंकड़ा पार कर गई होती तो देश हिंदू राष्ट्र बन गया होता : टी राजा सिंह

**दोपहर संवाददाता | भिवंडी**




तेलंगाना के बीजेपी के फायर ब्रांड विधायक टी राजा सिंह ने सनसनीखेज बयान दिया है कि अगर हाल ही में संपन्न लोकसभा चुनाव में बीजेपी 400 का आंकड़ा पार कर लेती तो भारत हिंदू राष्ट्र बन गया होता। वह भिवंडी तालुका के पडघा में आयोजित संत सम्मेलन और सकल हिंदू धर्म सभा में बोल रहे थे। उस समय मंच पर बालयोगी सदानंद महाराज, महंत श्री चिदानंद सरस्वती, स्वामी गोविंदगिरि, महंत श्री फूलनाथ बाबा, आयोजक शिवरूपानंद स्वामी उपस्थित थे। सभा में हजारों हिंदुओं ने भाग लिया। जिसमें से अधिकांश लोग भाजपा के इस फायरब्रांड नेता को एक नजर देखने सुनने के लिए जमा थे। इस हिंदू धार्मिक सभा में धर्मांतरण निषेध अधिनियम पारित करने, वक्फ बोर्ड अधिनियम को निरस्त करने, लव जिहाद विरोधी अधिनियम को मंजूरी देने, गो हत्या पर प्रतिबंध लागू करने और अवैध भूमि अतिक्रमण को हटाने के लिए विभिन्न प्रस्ताव पारित किए जाने की मांग की गई। इस सभा को संबोधित करते हुए टी राजा सिंह ने इस बात पर अफसोस जताया कि महाराष्ट्र में मठ मंदिर सुरक्षित नहीं हैं। छत्रपति शिवाजी महाराज ने 370 किलों पर विजय प्राप्त की थी लेकिन दुर्भाग्य से महाराष्ट्र में शिवाजी महाराज के 100 किलों पर मस्जिद और दरगाहें बनाई गई हैं। उन्होंने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे से विधानसभा चुनाव से पहले किलों से कब्जा हटाने की अपील की। भारत में 10 लाख एकड़ जमीन वक्फ बोर्ड के पास है, उसमे से महाराष्ट्र में 1 लाख एकड़ जमीन वक्फ बोर्ड के पास है। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को वक्फ बोर्ड एक्ट को खत्म करना चाहिए। वक्फ बोर्ड की जमीन पर हिंदुओं के लिए अस्पताल, खेल के मैदान, कॉलेज, घर बनाने की अपील की। महाराष्ट्र के हिंदुत्ववादी मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे किससे डरते हैं? पूरा हिंदू समाज उनके पीछे खड़ा है।'टी राजा सिंह ने मांग की कि मुख्यमंत्री शिंदे को आगे बढ़ कर मलंग गढ़ को आज़ाद करना चाहिए।

# मनपा ने टैक्स जमा करने की समय अवधि बढ़ाई

## दूसरे छमाही के टैक्स में दस प्रतिशत की छूट




**दोपहर संवाददाता | ठाणे**

30 जून से पहले छमाही की रकम को दूसरे छमाही की बकाया कर राशि के साथ मनपा के टैक्स विभाग में जमा करने वाले करदाता को दूसरे छमाही के कर राशि में दस प्रतिशत की छूट मिलेगी। सामान्य टैक्स में सहूलियत योजना के तहत मिलने वाले टैक्स छूट की अवधि को मनपा आयुक्त सौरभ राव ने बढ़ा दिया है। साथ ही आयुक्त राव ने कहा कि मनपा की आमदनी का मुख्य स्रोत यह है, इसलिए सभी करदाता समय पर जमा करने के लिए मनपा का सहयोग करें। 1 अप्रैल से 15 जून तक पहले छमाही की कर राशि के साथ दूसरे छमाही की राशि को एकसाथ जमा करने पर दस प्रतिशत की छूट मिलेगी।मनपा ने इसका लाभ लेने के लिए करदाताओं से आवाहन किया है।

# मध्य रेलवे का बिना/अनुचित टिकट पर यात्रा करने वालों के खिलाफ सघन अभियान

## 9.04 लाख मामलों से 63.62 करोड़ रुपये का राजस्व दर्ज





**दोपहर संवाददाता | मुंबई**

मध्य रेल ने सभी वास्तविक रेल उपयोगकर्ताओं को आरामदायक यात्रा और बेहतर सेवाएं प्रदान करने के उद्देश्य से बिना टिकट और अनियमित यात्रा पर अंकुश लगाने के लिए सभी मंडलों में उपनगरीय, मेल एक्सप्रेस, यात्री सेवाओं और विशेष ट्रेनों में गहन टिकट जांच की। वरिष्ठ अधिकारी बिना टिकट यात्रा के कारण होने वाले राजस्व नुकसान और यात्रा के दौरान वास्तविक यात्रियों को होने वाली कठिनाइयों पर बारीकी से नज़र रख रहे हैं। मध्य रेल ने अप्रैल से मई-2024 की अवधि के लिए अनाधिकृत और अनियमित यात्रियों के 9.04 लाख मामलों से 63.62 करोड़ रुपये का राजस्व दर्ज किया है। यह उपरोक्त अवधि के लिए 55.48 करोड़ के आनुपातिक लक्ष्य के मुकाबले राजस्व में 14.67% की वृद्धि है। मई-2024 के दौरान, मध्य रेल ने अनाधिकृत और अनियमित यात्रियों के 4.29 लाख मामलों से 28.44 करोड़ का राजस्व दर्ज किया, जो माह के लिए आनुपातिक राजस्व लक्ष्य 27.74 करोड़ से 2.54% अधिक है।

अप्रैल से मई-2024 की अवधि के लिए आय और मामलों का मंडलवार विवरण इस प्रकार है। मुंबई मंडल ने 4.07 लाख मामलों से 25.01 करोड़ रुपये प्राप्त किए। भुसावल मंडल ने 1.93 लाख मामलों से 17.07 करोड़ रुपये प्राप्त किए। नागपुर मंडल ने 1.19 लाख मामलों से 7.56 करोड़ रुपये प्राप्त किए। सोलापुर मंडल ने 54.07 हजार मामलों से 3.10 करोड़ रुपये प्राप्त किए। पुणे मंडल ने 83.10 हजार मामलों से 6.56 करोड़ रुपये प्राप्त किए। मुख्यालय ने 46.81 हजार मामलों से 4.30 करोड़ रुपये प्राप्त किए। मध्य रेल यात्रियों से अपील करता है कि वे किसी भी असुविधा से बचने और सम्मान के साथ यात्रा करने के लिए उचित और वैध रेलवे टिकट के साथ यात्रा करें।

# महाराष्ट्र के लिए एकनाथ शिंदे मुख्यमंत्री, लेकिन हमारे लिए देवेंद्र फड़णवीस सब कुछ : गणेश नाइक

**दोपहर संवाददाता | ठाणे**



भारतीय जनता पार्टी के नेता गणेश नाइक ने रविवार को ठाणे में आयोजित महायुती के बैठक में कहा कि एकनाथ शिंदे महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री है, लेकिन हमारे लिए देवेंद्र फडणवीस ही सब कुछ है। इस दौरान उन्होंने महाराष्ट्र नवनिर्मान सेना की भी तारिफ की। गणेश नाइक ने कहा कि अभिजीत पानसे पीछे रह गए है, सही समय पर आगे आएंगे। उन्होंने कहा कि ठाणे में 33 फिसदी मतदाता है, कभी कभी बड़े लोगों से छोटी गलतियां हो जाती है, लेकिन आपको सही तरीके से और सावधानी से वोट करना चाहिए। गणेश नाइक ने कहा कि महाराष्ट्र के लिए एकनाथ शिंदे मुख्यमंत्री है, लेकिन हमारे लिए देवेंद्र फडणवीस ही सब कुछ है। एकनाथ शिंदे प्रोटोकॉल के अनुसार महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री है। उन्होंने महाराष्ट्र नवनिर्मान सेना की तारिफ करते हुए कहा कि महाराष्ट्र नवनिर्मान सेना एक अनुशासित पार्टी है। उन्होंने यह भी कहा कि हम जश्न मनाने के लिए दोबारा मिलेंगे। गणेश नाइक ने कहा कि हमें विश्वास है कि हम देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व में जीत हासिल करेंगे। हालांकि महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री है, लेकिन हमारे दृष्टि से देवेंद्र फडणवीस ही हमारे नेता है।

# दो बजे दोपहर

पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है

मुंबई, नवी मुंबई, ठाणे, पालघर, रायगढ़, नासिक, पुणे से एक साथ प्रकाशित


**अनमोल विचार** हमें जितना अधिक पसीना आता है, उतना ही कम खून बहता है : विजया लक्ष्मी पंडित

## सड़क दुर्घटना में सेना के दो जवानों की मौत, ऑटो चालक सहित सात अन्य घायल

**नागपुर।** महाराष्ट्र में नागपुर के निकट रविवार शाम एक बस और ऑटोरिक्शा की टक्कर में सेना के दो जवानों की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए, जिनमें से दो की हालत गंभीर है। पुलिस ने



यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शाम करीब पांच बजे कैम्पटी शहर के पास कन्हा नदी पुल पर हुई दुर्घटना में ऑटो चालक को भी गंभीर चोटें आईं। उन्होंने बताया कि दुर्घटना के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। नागपुर के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के अनुसार, सात घायल व्यक्तियों का इलाज विभिन्न अस्पतालों में किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि ऑटो में सवार आठ जवानों में से विघ्नेश और धीरज राय ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस ने बताया कि अन्य घायल जवानों की पहचान दीन प्रधान, कुमार पी, शेखर जाधव, अरविंद, मुरुगन और नागरत्नम के रूप में हुई है। उसने बताया कि कैम्पटी के एक अस्पताल में भर्ती कुमार पी और नागपुर के सरकारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में इलाज करा रहे नागरत्नम की हालत गंभीर है। अधिकारी ने बताया कि घायलों में शामिल ऑटो चालक शंकर खरकबान की भी हालत गंभीर है। नागपुर से करीब 20 किलोमीटर दूर कैम्पटी स्थित सेना के गार्ड रेजिमेंटल ट्रेनिंग सेंटर (जीआरसी) के कुल 15 जवान दो ऑटो में सवार होकर खरीदारी करने कन्हान गए थे।

## मुंबई में 6.80 लाख में बिका विदिशा का बकरा, डाइट में दिया जाता है मक्खन-दूध और खजूर



**मुंबई।** ईद-उल-अजहा 2024 आने में अब एक दिन का समय शेष बचा है। चांद दिखने के अनुसार 17 या 18 जून को बकरीद मनाई जाएगी। वहीं इसको लेकर जोरशोर से तैयारियां की जा रही हैं। इसके साथ ही मध्य प्रदेश में बकरों का बाजार सज चुका है। इन बाजारों में एक से बढ़कर एक बकरे बिकने के लिए आ रहे हैं और प्रदेश से बाहर भी ये बकरे जा रहे हैं। विदिशा का एक बकरा मुंबई में 6.80 लाख रुपये में बिका है। दरअसल, इन बाजारों में बिकने वाले खास बकरे लग्जरी लाइफ जीते हैं। यह बकरे काजू, किसमिस और मख्खन खाते हैं, जबकि गर्मी से बचने के लिए इन्हें एसी या कूलर में रखा जाता है। इन बकरों की खास तरह से सेवा की जाती है। ऐसे में अब इन बकरों की कीमत लाखों रुपये है। विदिशा निवासी साबिर कुरैशी के यहां एक सफेद रंग का बकरा था, जिसका नाम सारंगा है। यह बकरा अब मुंबई में 6 लाख 80 हजार रुपये में बेचा गया है।

बड़े बदलाव के संकेत

# महायुति सरकार के कैबिनेट का जल्द होगा विस्तार

**दोपहर संवाददाता | मुंबई**

लोकसभा चुनाव के बाद महाराष्ट्र में महायुती सरकार के मंत्रिमंडल का विस्तार होने की संभावना है। इस कैबिनेट विस्तार में किसे मौका दिया जाएगा, इस पर सबकी नजर बनी हुई है। इससे पहले भी कैबिनेट विस्तार को लेकर प्रदेश की राजनीति में हलचल देखने को मिली थी। कई नेताओं ने खुलकर मंत्रिपद की चाहत जाहिर की थी। अब सुत्रों के हवाले से खबर मिली है कि जल्द ही शिंदे सरकार का रुका हुआ मंत्रिमंडल विस्तार हो सकता है।

खास बात यह है कि विधानसभा चुनाव में अब सिर्फ 4 महिने का समय बचा है। ऐसे में राज्य सरकार असंतुष्ट विधायकों को मनाने की कोशिश करेगी। कहा यह भी जा रहा है कि मराठा समुदाय खुश करने के लिए मराठा चेहरों को कैबिनेट जगह दे सकती है। सूत्रों ने कहा कि विधानमंडल के मानसून सत्र से पहले महायुती सरकार के कैबिनेट का विस्तार



किया जाएगा। इस कैबिनेट विस्तार में कई बड़े फेर बदल की संभावना हैं। कुछ मंत्रियों के विभाग बदले जा सकते है, जबकि किसी मंत्री को नई जिम्मेदारी मिल सकती है।

सूत्रों ने यह भी कहना है कि कैबिनेट विस्तार में मराठा फैक्टर भी देखने को मिल सकता है। बताया जा रहा है कि कैबिनेट विस्तार में मंत्री राधाकृष्ण विखे पाटिल, विजयकुमार गावित और सुधीर मुनगंटीवार के खाते बदले जाने की संभावना है।

वहीं, बीजेपी नेता रवींद्र चव्हाण और मंत्री गिरीश महाजन को प्रमोशन मिलने की संभावना है। विधायक गणेश नाईक और विधायक नितेश राणे को कैबिनेट में जगह मिल सकती है। महिला विधायक माधुरी मिसाल को भी कैबिनेट में जगह मिलने की संभावना है। जबकि शिवेंद्रराजे भोसले और अतुल भातखलकर को भी कैबिनेट शामिल किया जा सकता हैं।

## संजय निरुपम ने कांग्रेस और ठाकरे गुट पर साधा निशाना

**दोपहर संवाददाता | मुंबई**

मुंबई की उत्तर पश्चिम लोकसभा सीट से रवींद्र वाईकर ने अमोल किर्तीकर को 48 मतों से हराया था। इस जीत को लेकर वह विवादों के घेरे में है। साथ ही वोटिंग बूथ पर मोबाइल ले जाने को आरोप में रवींद्र वाईकर के एक रिश्तेदार के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। ठाकरे गुट लगातार आरोप लगा रहा है कि वोटों की गिनती में गड़बड़ी हुई है।

इस बीच शिंदे गुट के नेता संजय निरुपम ने कांग्रेस और ठाकरे गुट पर पलटवार करते हुए जमकर हमला बोला। अफवाहें फैला रहा ठाकरे गुट संजय निरुपम ने कहा कि जिस दिन से रिजल्ट आया है। उस दिन से हमारे पार्टी के चुने गए उम्मीदवार रवींद्र वाईकर के खिलाफ शिवसेना की तरफ से तमाम अफवाहें फैलाई जा रही है। मुंबई की उत्तर पश्चिम लोकसभा सीट से रवींद्र वाईकर ने अमोल किर्तीकर को 48 मतों से हराया था। उन्होंने कहा कि उन्हें रिकाउंटिंग का मौका दो बार दिया गया। फिर भी अफवाहें फैला रहे हैं। राहुल गांधी, अखिलेश यादव को लेकर क्या कहा? संजय ने आगे कहा कि राहुल गांधी, अखिलेश यादव, प्रशांत भूषण भी ईवीएम को लेकर



चिल्लाने लगे है। मोबाइल कौन लेकर गया इसकी जांच होनी चाहिए। मोबाइल किसका था यह भी पता लगना चाहिए। राहुल गांधी, अखिलेश यादव, प्रशांत भूषण इतने पढ़े लिखे लोग है और ऐसी बात कर रहे हैं जो पॉसिबल नहीं है। मिड डे की खबर सुनियोजित शिवसेना नेता ने मिड डे के रिपोर्ट पर सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि ये एक नैरेटिव सेट किया गया है। मिड डे की खबर प्लांट की गई है। मिड डे का रिपोर्टर फर्जी है। मिड डे की खबर सुनियोजित है। चार दिन यह खबर छाप रहे है। इस पेपर पर तो लीगल केस बनता है।

# 2012 में नहीं मिला था कोई कंकाल...

## सब मनगढ़ंत कहानी', बरामद अवशेष गायब होने पर बोलीं इंद्राणी मुखर्जी

**दोपहर संवाददाता | मुंबई**

शीना बोरा मर्डर केस में मुख्य आरोपियों में से एक इंद्राणी मुखर्जी ने आरोप लगाया है कि मामले की जांच में हेरफेर की गई है और उन्हें लगता है कि 2012 में कोई भी कंकाल का अवशेष नहीं मिला था। गौरतलब है कि हाल ही में पुलिस द्वारा बरामद किए गए मर्डर केस से जुड़े अवशेष गायब होने की जानकारी सामने आई थी। अभियोजन पक्ष ने कोर्ट को बताया कि सीबीआई ने जिन हड्डियों को शीना बोरा के अवशेष बताया था, वो अब लापता हैं। अब इंद्राणी मुखर्जी ने इसे मनगढ़ंत कहानी बताया है। उन्होंने बातचीत में कहा, 'मेरे व्यक्तिगत विचार में, मुझे लगता है कि 2012 मई में कभी भी कोई कंकाल का अवशेष नहीं मिला। यह सब एक मनगढ़ंत कहानी थी क्योंकि यह स्वीकार करना बहुत मुश्किल है कि सीबीआई जैसी प्रमुख एजेंसी की हिरासत से, इस तरह के महत्वपूर्ण मामले सामने आए।' सबूत गायब होने पर उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि सबूत कभी मौजूद ही नहीं थे और कई तरह की एजेंसियों और संगठनों द्वारा की गई इस हेरा-फेरी भरी जांच के कारण मुझे लगता है कि जांच आधी-अधूरी थी और हर कोई जल्दबाजी में



था मुझ पर आरोप लगाने के लिए क्योंकि उनके पास समय समाप्त हो रहा था। अपनी बेटी शीना बोरा की हत्या मामले में मुख्य आरोपी इंद्राणी मुखर्जी ने कहा कि आवश्यक लोगों से फिर से पूछताछ की जानी चाहिए कि एक डीएनए विशेषज्ञ को डीएनए रिपोर्ट बनाने के लिए मुद्रित निर्देशांक को क्यों काटना पड़ा और उन्हें हिरासत में लेकर पूछताछ करनी पड़ी। मुझे लगता है कि चूंकि राहुल मुखर्जी मेरी बेटी के मंगेतर होने का दावा करते हैं और उनका दावा है कि उन्होंने आखिरी बार उसे देखा था, इसलिए उन्हें हिरासत में लेकर पूछताछ करने की जरूरत है।

## सीमा शुल्क विभाग ने अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर 3 दिन में 6 करोड़ का सोना किया जब्त

**मुंबई।** सीमा शुल्क विभाग ने मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर तीन दिनों में विभिन्न कार्रवाइयों में 6 करोड़ 71 लाख रुपए का 10 किलो 78 ग्राम सोना जब्त किया है। इस मामलों में दो यात्रियों को गिरफ्तार किया गया है। वे विदेश से



सोना जेबों और शरीर में छिपा कर लाए थे। सीमा शुल्क विभाग के अधिकारियों ने शारजाह से काठमांडू होते हुए मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचे दो भारतीय नागरिकों को पकड़ा। उनके पास सोना मोम में मिला। वे पैंट की जेब और शरीर में छिपा था। दो यात्रियों को गिरफ्तार किया गया। इसी तरह दुबई से आए दो विदेशी नागरिकों को रोका गया और उनके पास 501 ग्राम सोना मिला। यात्री शरीर में सोना छिपा कर लाए थे। एक अन्य मामले में दुबई से यात्रा कर रहे 7 भारतीय नागरिकों को रोका गया। यात्रियों ने शरीर पर 3173 ग्राम सोना छिपा कर लाए। सीमा शुल्क विभाग ने 14 से 16 जून के बीच छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर तीन दिनों में सोना तस्करी के खिलाफ विभिन्न कार्रवाई में 6 करोड़ 71 लाख रुपए का 10 किलो 78 ग्राम सोना जब्त किया है।

# अडानी ग्रुप को ट्रांसफर होगी धारावी की जमीन?

**दोपहर संवाददाता | मुंबई**

धारावी पुनर्विकास परियोजना एक़ बार फिर सुर्खियों में आ गई है। हाल ही में कांग्रेस नेता वर्षा गायकवाड़ ने आरोप लगाया कि धारावी की जमीन हड़पने की साजिश रची जा रही है, जो कि अदानी को दी जाएगी। हालांकि, इस मामले को लेकर सरकारी सुत्रों ने परिस्थितियों को पूरा स्पष्ट किया है। उन्होंने कहा कि करोड़ों रुपये की धारावी झुग्गी-बस्ती पुनर्विकास परियोजना में अडानी समूह को लैंड ट्रांसफर शामिल नहीं है। सूत्रों ने इस बारे में स्थिति साफ करते हुए कहा है कि परियोजना में लैंड ट्रांसफर महाराष्ट्र सरकार के विभागों को किया जाना है। बताया जा रहा है कि अडानी समूह सिर्फ एक परियोजना डेवलपर के रूप में मकान बनाएगा, जो महाराष्ट्र सरकार के विभागों को सौंपे जाएंगे। बाद में इन घरों का आवंटन एशिया की सबसे बड़ी झोपड़पट्टी के निवासियों को किया जाएगा। सांसद वर्षा गायकवाड़ द्वारा लगाए गए आरोपों पर सूत्रों ने कहा कि जमीन के टुकड़े सिर्फ राज्य सरकार



के आवास विभाग के धारावी पुनर्विकास परियोजना/स्लम पुनर्वास प्राधिकरण (डीआरपी/एसआरए) को हस्तांतरित किए जाने हैं। अडानी समूह ने खुली अंतरराष्ट्रीय बोली में धारावी स्लम पुनर्विकास परियोजना हासिल की थी। समूह अपनी संयुक्त उद्यम कंपनी धारावी रिडेवलपमेंट प्रोजेक्ट प्राइवेट लि. (डीआरपीपीएल) के माध्यम से आवास और वाणिज्यिक स्थान बनाएगा और उन्हें फिर से डीआरपी/एसआरए को सौंप देगा।

# कुछ महीनों में दिल्ली में हो सकता है खेला

## NDA सरकार को लेकर आदित्य ठाकरे का बड़ा बयान

**दोपहर संवाददाता | मुंबई**

लोकसभा चुनाव में एनडीए को बहुमत मिलने के बाद लगातार तीसरी बार नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बने है। एनडीए में इस बार नितीश कुमार और चंद्राबाबू नायडू भी शामिल हैं। विपक्षी गठबंधन इंडिया की ओर से दावा किया जा रहा है कि एनडीए गठबंधन की सरकार ज्यादा दिनों तक नहीं टिकेगी। इस बीच ठाकरे गुट के नेता आदित्य ठाकरे ने केंद्र की एनडीए सरकार को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि कुछ महीनों में दिल्ली में एक अलग खेल हो सकता है।

आदित्य ठाकरे ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि हमने देखा कि एलन मस्क ने ईवीएम को लेकर ट्वीट किया है। हम भी ईवीएम के बारें में बात कर रहे है। अब मुंबई के उत्तर-पश्चिम लोकसभा क्षेत्र में गड़बड़ होने की बात सामने आ रही है। वहीं चुनाव आयोग वहां के सीसीटीवी फुटेज देने से इनकार कर दिया है। दूसरी बात यह है कि शिंदे गुट के कुछ



लोग मोबाईल लेकर खड़े थे। उनके मोबाईल में एक ऐप भी था। यह बात सामने आने के बाद आप ऐसे लोगों को कैसे शपथ दिला सकते हैं?

### जनता ने बीजेपी को 240 पर पहुंचा दिया

आदित्य ठाकरे ने कहा कि लोग भाजपा से बहुत नाराज थे। इसलिए जनता ने बीजेपी को 240 पर पहुंचा दिया है। अगर ईवीएम नहीं होती तो ये 240 पर भी नहीं पहुंच पाते। दुनिया भर में ईवीएम का इस्तेमाल नहीं होता है। एलन मस्क का टेक्नोलॉजी बहुत विश्वास है, लेकिन वह ईवीएम पर भरोसा नहीं करते हैं। अगर आप फोन से ओटीपी लेकर ईवीएम खोल सकते है तो कुछ भी हो सकता हैं। इस चुनाव में हम बस यही कहते हैं कि सीसीटीवी फुटेज दीजिए, लेकिन उनमें इतना साहस भी नहीं है।

### बीजेपी में कोई तालमेल नहीं

आदित्य ठाकरे ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी में कोई तालमेल नहीं है। एक 400 पार की घोषना की बात करता है, जबकि दूसरी कुछ ओर बात करता है। अब चुनाव खत्म हो चुका है , लोगों ने उन्हें उनकी जगह दिखा दी है। आज इंडिया के पास 235 सीट है, जबकि बीजेपी के पास 240 सीट है। आने वाले कुछ समय में दिल्ली में अलग खेला हो सकता है।

# मुरुगन ने किया मुंबई अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव का उद्घाटन

**दोपहर संवाददाता | मुंबई**

केंद्रीय मंत्री एल. मुरुगन ने मुंबई अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (एमआईएफएफ) के 18वें संस्करण के उद्घाटन समारोह में लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि वृत्तचित्र फिल्में लोगों की भावनाओं को सही तरीके से पेश करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा द्विवार्षिक रूप से आयोजित तथा राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम (एनएफडीसी) द्वारा कार्यान्वित मुंबई अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में वृत्तचित्र, लघु कथाएं और एनीमेशन फिल्में दिखाई जाती हैं।

साल 1990 में पहली बार एमआईएफएफ का आयोजन किया गया था। मुरुगन ने शनिवार रात समारोह की शुरुआत करते हुए कहा कि मंत्रालय देश को 'विश्व का कंटेंट हब' बनाने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है।

उन्होंने कहा, "मुंबई अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव वृत्तचित्र, लघु और एनीमेशन फिल्मों का उत्सव है। वृत्तचित्र फिल्में अद्वितीय क्षमताओं, भावनाओं और मानवीय संबंधों को उचित



तरीके से पेश करने में अहम भूमिका निभाती हैं।" एल. मुरुगन ने कहा, "हमारा भारत कंटेंट निर्माण करने का गढ़ है। हमारे भारत में कहानी सुनाना हमारी दादी-नानी और माताओं से चली आ रही परंपरा है। इन कहानियों से हम सिनेमा और उपन्यास के लिए कंटेंट निकाल रहे हैं।" मंत्री ने भारत में फिल्म शूटिंग के लिए 'सिंगल-विंडो सिस्टम' को सुविधाजनक बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किए गए प्रयासों का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा, 'हमारा मंत्रालय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एक मंच प्रदान कर रहा है, जिसके तहत फिल्म सुविधा कार्यालय (एफएफओ) को 'सिंगल-विंडो सिस्टम' की सुविधा दी जा रही है जिसके तहत फिल्म निर्माता एक ही मंच से विभिन्न विभागों और राज्यों से मंजूरी प्राप्त कर सकेंगे और इस सुविधा से फिल्म निर्माता भारत में आसानी से शूटिंग कर सकेंगे।"

मुंबई अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव के उद्घाटन समारोह में प्रसिद्ध वन्यजीव फिल्म निर्माता सुब्बैया नल्लमुथु को वी. शांताराम लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित किया गया। महान फिल्म निर्माता वी. शांताराम की स्मृति में इस पुरुस्कार की शुरुआत की गई थी।

नल्लमुथु को 10 लाख रुपये का नकद पुरस्कार, एक ट्रॉफी और एक प्रशस्ति पत्र दिया गया। वह 'टाइगर डायनेस्टी', 'टाइगर क्वीन' और 'द वर्ल्ड्स मोस्ट फेमस टाइगर' जैसी प्रसिद्ध वृत्तचित्रों के लिए जाने जाते हैं।

## मिड-डे मिल में मिलेंगी स्कूल के उद्यान में उगाई गईं सब्जियां

**दोपहर संवाददाता | नागपुर**

स्कूल गार्डन में उगाई जाने वाली सब्जियां अब मध्याह्न भोजन (मिड-डे मील) को अधिक पौष्टिक और स्वादिष्ट बनाएंगी। इससे विद्यार्थी न केवल शारीरिक रूप से, बल्कि बौद्धिक रूप से भी पोषित होंगे। बच्चों को कृषि के साथ-साथ सब्जियां कहां और कैसे उगाई जाती हैं, इसकी भी जानकारी दी जाएगी। शैक्षणिक सत्र 2024-25 से सरकारी स्कूलों में चावल, दाल और सब्जियों के साथ मीठे व्यंजन सहित कुल 15 पौष्टिक खाद्य पदार्थों से युक्त ₹पोषण आहार' लागू किया गया है, जिसके अनुसार, परसबाग समिति की पाक समिति के अध्यक्ष और विदर्भ, मराठवाड़ा और खानदेश समिति के अध्यक्ष शेफ विष्णु मनोहर ने नए 'पोषण आहार' के बारे में विस्तृत जानकारी दी है। मध्याह्न भोजन के मेनू में बदलाव करने के



लिए महाराष्ट्र सरकार के स्कूल शिक्षा और खेल मंत्री के मार्गदर्शन में आहार विशेषज्ञों की एक पाक समिति का गठन किया गया था। शेफ विष्णु मनोहर की अध्यक्षता वाली समिति ने मध्याह्न भोजन के लिए 25 पौष्टिक व्यंजनों का सुझाव दिया। इन्हें बचत समूहों के माध्यम से तैयार किया गया। उनके पोषण मूल्य जैसे कैलोरी, फाइबर, आयरन आदि की जांच की गई और फिर उन्हें मंत्रालय में प्रदर्शित किया गया। विष्णु मनोहर ने बताया कि विभिन्न गणमान्य व्यक्तियों द्वारा परीक्षण के बाद पौष्टिक आहार के लिए 15 व्यंजनों का चयन किया गया।


संपादकीय

# पारदर्शिता-शुचिता के प्रश्न

हाल के दिनों में देश में विभिन्न रोजगारपरक प्रतियोगी परीक्षाओं व व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की प्रवेश परीक्षाओं के प्रश्नपत्र लीक होने और संदेह के घेरे में आने के मामले लगातार उजागर होते रहे हैं। निश्चित रूप से सुनहरे भविष्य की आस में रात-दिन एक करने वाले प्रतियोगियों के साथ यह अन्याय बेहद कष्टदायक है। जो प्रतिभागियों का विश्वास व्यवस्था से उठाता है। मेडिकल परीक्षा की पुरानी प्रक्रिया में व्याप्त विसंगतियों को दूर करने के लिये लाई गई नई व्यवस्था भी अब सवालों के घेरे में है। यही वजह है वर्ष 2024 की नीट-यूजी परीक्षा के रिजल्ट आने पर परीक्षार्थियों में गहरा रोष व्याप्त हो गया। जिसके खिलाफ हजारों छात्रों ने कोर्ट में याचिकाएं दायर की हैं। छात्र दोबारा प्रवेश परीक्षा आयोजित करने की मांग कर रहे हैं। बीते सोमवार इन याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए देश की शीर्ष अदालत ने नेशनल टेस्टिंग एजेंसी को नोटिस देकर जवाब देने को कहा है। दरअसल, परीक्षार्थी पेपर लीक व नंबर देने में अनियमितताओं के आरोप लगा रहे हैं। कोर्ट ने सवाल उठाया है कि इस अविश्वास पैदा होने की वजह क्या है? जाहिरा तौर पर लाखों छात्रों के भविष्य से जुड़ी परीक्षा प्रणाली को संदेह से परे होना ही चाहिए। यदि व्यवस्था में कोई खामी है तो उसका निराकरण बेहद जरूरी है। दरअसल, इस संदेह की वजह यह भी है कि देश के मेडिकल कॉलेजों में दाखिले के लिये एनटीए द्वारा आयोजित राष्ट्रीय पात्रता सह-प्रवेश परीक्षा यानी नीट-यूजी को लेकर गंभीर सवाल उठे हैं। आरोप लगे हैं कि इस बार परीक्षा में 67 कैंडिडेट को शत-प्रतिशत अंक मिले हैं, जबकि पिछले पांच वर्षों में पूर्ण अंक पाने वालों की संख्या सिर्फ तीन थी। सवाल ग्रेस मार्क्स देने की तार्किकता को लेकर भी उठे हैं। वहीं टॉप पर आने वाले 67 छात्र चुनिंदा कोचिंग सेंटरों से जुड़े हैं। कुल मिलाकर परीक्षा की पारदर्शिता को लेकर सवाल उठाये जा रहे हैं। निश्चित रूप से लाखों छात्रों की उम्मीदों वाली इस देशव्यापी परीक्षा को लेकर किसी किंतु-परंतु की गुंजाइश नहीं रहनी चाहिए। दरअसल, देश के विभिन्न राज्य भी इस परीक्षा प्रणाली को लेकर सवाल उठाते रहे हैं। खासकर कोचिंग सेंटरों के खेल व अंग्रेजी के वर्चस्व के चलते आरोप लगाये जाते हैं। आरोप हैं कि इस परीक्षा में हिंदी व अन्य भारतीय भाषाओं में परीक्षा देने वाले छात्रों को न्याय नहीं मिलता। तमिलनाडु समेत दक्षिण भारत के कई राज्य आरोप लगाते रहे हैं कि राज्य की भाषा के छात्रों को नई परीक्षा प्रणाली से नुकसान उठाना पड़ रहा है। तमिलनाडु सरकार ने बाकायदा इस बाबत पूर्व न्यायाधीश की अध्यक्षता में एक कमेटी भी गठित की थी। राज्य सरकार का आरोप है कि मेडिकल कॉलेजों में तमिल भाषी छात्रों को कम जगह मिल रही है। निश्चित रूप से जहां इस परीक्षा के पेपर लीक व ग्रेस मार्क्स में अनियमितताओं को लेकर उठे सवालों के समाधान तलाशने की जरूरत है, वहीं हिंदी व अन्य क्षेत्रीय भाषाओं के परीक्षार्थियों के साथ न्याय होना भी सुनिश्चित किया जाना चाहिए। जब पूरे देश में हजारों छात्र पुनः परीक्षा कराने की मांग पर अड़े हैं और पूरे देश में इसके खिलाफ याचिकाएं दायर की जा रही हैं तो नीति-नियंताओं को मामले की तह तक जाना चाहिए। गत पांच मई को हुई इस परीक्षा में चौबीस लाख परीक्षार्थी शामिल होने की बात कही जा रही है तो इसके व्यापक दायरे और इससे जुड़ी आकांक्षाओं का आकलन सहज ही हो जाता है। ऐसे में बड़ी संख्या में परीक्षार्थियों को शत-प्रतिशत अंक मिलने तथा पंद्रह सौ छात्रों का अनुग्रह अंक पा जाना तार्किकता की कसौटी पर खरा नहीं उतरता। निस्संदेह, लाखों छात्रों के लिये परीक्षा आयोजित करने वाली संस्था संदेह से मुक्त होनी चाहिए। परीक्षा की शुचिता बनाये रखने के लिये निष्पक्ष जांच जरूरी है। अन्यथा छात्रों का व्यवस्था से भरोसा उठ जाता है। नीति-नियंताओं को सोचना चाहिए कि इन्हीं अव्यवस्था व अनियमितताओं के चलते हर साल लाखों छात्र पढ़ाई व नौकरी के लिये लगातार विदेश जा रहे हैं। भारतीय प्रतिभाओं व धन का बाहर जाना देश के हित में कदापि नहीं हो सकता है।

शख्सियत | लिएंडर पेस

## महानतम टेनिस खिलाड़ियों में से एक



लिएंडर पेस भारत के महानतम टेनिस खिलाड़ियों में से एक हैं। 17 जून, 1973 को कोलकाता में जन्मे, वे एथलीटों के परिवार से आते हैं। उनके पिता, वेस पेस, एक हॉकी खिलाड़ी थे, जिन्होंने 1972 के ओलंपिक में कांस्य पदक जीता था, और उनकी माँ, जेनिफर पेस, एक बास्केटबॉल खिलाड़ी और भारतीय टीम की कप्तान थीं।

पेस ने छोटी उम्र में ही टेनिस खेलना शुरू कर दिया था और जल्द ही उन्होंने शानदार प्रतिभा दिखाई। उन्होंने चेन्नई में ब्रिटानिया अमृतराज टेनिस अकादमी में प्रशिक्षण लिया। उन्हें बड़ा ब्रेक 1990 में मिला, जब उन्होंने विंबलडन जूनियर खिताब जीता, और दुनिया के नंबर एक जूनियर खिलाड़ी बन गए। लिएंडर पेस को युगल टेनिस में उनकी उपलब्धियों के लिए जाना जाता है। उन्होंने 18 ग्रैंड स्लैम खिताब जीते हैं, जिनमें पुरुष युगल में आठ और मिश्रित युगल में दस खिताब शामिल हैं। उनकी पहली ग्रैंड स्लैम जीत 1999 में फ्रेंच ओपन में महेश भूपति के साथ जोड़ी बनाकर मिली थी। साथ में, उन्होंने टेनिस इतिहास की सबसे सफल युगल टीमों में से एक बनाई। पेस ने ओलंपिक में भी भारत का प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने 1996 के अटलांटा ओलंपिक में एकल में कांस्य पदक जीता, जिससे वे चार दशकों में व्यक्तिगत ओलंपिक पदक जीतने वाले पहले भारतीय बन गए। उन्होंने 1992 से 2016 तक लगातार सात ओलंपिक खेलों में भाग लिया, जो किसी भारतीय एथलीट के लिए एक रिकॉर्ड है। अपने पूरे करियर के दौरान, पेस को उनकी त्वरित सजगता, स्मार्ट गेमप्ले और जुझारूपन के लिए सराहा गया है। उन्होंने दुनिया के कई बेहतरीन खिलाड़ियों के साथ और उनके खिलाफ खेला है।

# मौसम के कहर का मुकाबला पारंपरिक ज्ञान से



इन दिनों पूरा उत्तरी भारत तीखी गर्मी की चपेट में है। कुछ जगह पश्चिमी विक्षोभ के कारण बरसात भी हुई लेकिन ताप कम नहीं हुआ। देश के लगभग 60 फीसदी हिस्से में अब 35 डिग्री से 45 डिग्री की गर्मी के कहर के 100 दिन हो गए हैं। चेतावनी है कि आने वाले दो हफ्ते मौसम ऐसा ही रहेगा। यदि मानसून आ भी गया तो भले तापमान नीचे आ जाए लेकिन उमस से परेशानियां कायम रहेंगी। इस बार गर्मी के प्रकोप ने न तो हिमाचल की सुरम्य वादियों को बख्शा और न ही उत्तराखंड के पर्यटन स्थलों को। चिंता की बात यह कि गंगा-यमुना के मैदानी इलाकों में लू का प्रकोप तेजी से बढ़ रहा है, खासकर पश्चिमी उत्तर प्रदेश जो कि गंगा-यमुना दोआब के साथ-साथ कई छोटी-मध्यम नदियों का घर है, और जो कभी घने जंगलों के लिए जाना जाता था, बुंदेलखंड की तरह तीखी गर्मी की चपेट में आ रहा है। यहां पेड़ों की पत्तियों में नमी के आकलन से पता चलता है कि आगामी दशकों में हरित प्रदेश कहलाने वाला क्षेत्र सूखे, पलायन, निर्वनीकरण का शिकार हो सकता है। आधा जून पार हो गया व अभी भी शिमला, मनाली जैसे स्थानों का तापमान 30 के करीब है। मौसम विभाग ने इस महीने के आखिरी हफ्ते तक कई जगह लू की चेतावनी जारी की है। उत्तराखंड की राजधानी देहरादून में गर्मी ने 122 सालों का रिकार्ड तोड़ दिया है। यहां तापमान 42.4 दर्ज किया गया। गर्मी अब इंसान के लिए संकट बन रही है। राजस्थान, दिल्ली, हरियाणा और पंजाब में तीखी गर्मी ने हवा की गुणवत्ता खराब की है। इसके अलावा लू लगने, चक्कर आने, रक्तचाप अनियमित होने से झारखंड, बिहार, उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों में 200 से अधिक मौतें हो चुकी हैं। वहीं लगातार गर्मी ने पानी की मांग बढ़ाई तो संकट भी। सबसे बड़ी बात गर्मी से शुद्ध पेयजल की उपलब्धता भी घटी है। बोतलों में बिकने वाला पानी हो या फिर लोगों द्वारा सहेजकर रखा जल, दोनों गर्म होते हैं। तीखी गर्मी में प्लास्टिक बोतल में उबलने के चलते पानी ज़हर बना दिया। पानी का तापमान बढ़ना तालाब-नदियों की सेहत खराब कर रहा है। एक तो वाष्पीकरण तेज हो रहा है, दूसरा पानी अधिक गर्म होने से जलीय जीव-जन्तु और वनस्पति मर रहे हैं। तीखी गर्मी भोजन की पौष्टिकता पर भी असर डाल रही है। गेहूं के दाने छोटे हो रहे हैं और पौष्टिक गुण घट रहे हैं। वैसे भी पका हुआ खाना जल्दी खराब हो रहा है। फल-सब्जियां जल्दी गल रही हैं। इस बार की गर्मी में रात का तापमान भी कम नहीं हो रहा है। पहाड़ हो या मैदानी महानगर, बीते दो महीनों से न्यूनतम तापमान सामान्य से पांच डिग्री तक अधिक चल रहा है। सुबह चार बजे भी लू का अहसास होता है। ऐसे में बड़ी आबादी की नींद पूरी नहीं हो पा रही। खासकर स्लम, नालों आदि के किनारे रहने वाले मेहनतकश लोग दिनभर उनींदे रहते हैं। इससे उनकी कार्यक्षमता पर असर पड़ रहा है। शारीरिक विकार हो रहे हैं। जो लोग सोचते हैं कि एयर कंडीशनर से इस गर्मी की मार से सुरक्षित हैं, वे भ्रम में हैं। लंबे समय तक एसी कमरों में रहने से नाड़ियों में संकुचन, मधुमेह और जोड़ों के दर्द का खमियाजा भोगना पड़ सकता है। यह गर्मी शरीर को प्रभावित करने के साथ ही इंसान की कार्यक्षमता पर भी असर डाल रही है। वहीं पानी-बिजली की मांग बढ़ती है, उत्पादन लागत भी बढ़ती है।

बीती मार्च में संयुक्त राष्ट्र के खाद्य और कृषि संगठन (एफएओ) ने भारत में एक लाख लोगों के बीच सर्वे कर एक रिपोर्ट में बताया कि गर्मी-लू के कारण गरीब परिवारों को अमीरों की तुलना में पांच फीसदी अधिक आर्थिक नुकसान होगा। चूंकि सम्पन्न लोग बढ़ते तापमान के अनुरूप अपने कार्य को ढाल लेते हैं, जबकि गरीब ऐसा नहीं कर पाते।

सवाल है कि प्रकृति के इस बदलते रूप के सामने इंसान क्या करे? तो जान लें कि प्रकृति की किसी भी समस्या का निदान हमारे अतीत के ज्ञान में ही है। आधुनिक विज्ञान इस तरह की दिक्कतों का हल नहीं खोज सकता जिसके पास तात्कालिक निदान और सुख के साधन तो हैं, लेकिन कुपित कायनात से जूझने में वह असहाय है। समय आ गया है, इंसान बदलते मौसम के मुताबिक अपने कार्य का समय, भोजन, पहनावे आदि में बदलाव करे। अगर लू की मार और उमस से बचना है तो अधिकाधिक पारंपरिक पेड़ रोपें।

शहर के बीच बहने वाली नदियां, तालाब, जोहड़ आदि यदि सुरक्षित, निर्मल और अविरल रहेंगे तो बढ़ी गर्मी को सोखने में ये सक्षम होंगे। खासकर बिसरा चुके कुएं और बावड़ियों के जीवंत रहने से जलवायु परिवर्तन के संकट से बेहतर तरीके से निपटा जा सकता है। आवासीय और कार्यालयों के निर्माण की तकनीकी और सामग्री में बदलाव, सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा, भवनों को ईको फ्रेंडली होना, ऊर्जा संचयन, पलायन रोकना, ऑर्गेनिक खेती सहित कुछ ऐसे उपाय हैं जो बहुत कम व्यय में देश को इस गर्मी से राहत दिला सकते हैं।

सहज योग

## हमें ध्यान नहीं करना,ध्यान में रहना है



सहज योगी, जो स्वयं श्री गणेश के पैटर्न के अनुसार बने हैं, इतने शक्तिशाली हैं, कि वे अन्य लोगों को जागृति और बोध दे सकते हैं।

हम ध्यान नहीं कर सकते; हम केवल ध्यान में हो सकते हैं। जब हम कहते हैं कि हम ध्यान करने जा रहे हैं तो इसका कोई अर्थ नहीं है। हमें ध्यान में होना ही है। या तो आप घर के अंदर हों या घर के बाहर। आप घर के अंदर होकर यह नहीं कह सकते कि 'अब मैं घर के बाहर हूं।' या जब आप घर के बाहर हों तो आप यह नहीं कह सकते 'मैं घर के अंदर हूं।' इसी तरह, आप अपने जीवन के तीन आयामों में आगे बढ़ रहे हैं – भावनात्मक और शारीरिक और मानसिक अस्तित्व के। आप अपने अंदर नहीं हैं। लेकिन जब आप उसके अंदर होते हैं तो आप विचारहीन जागरूकता में होते हैं। तब, न केवल आप वहां हैं, बल्कि आप हर जगह हैं, क्योंकि वह स्थान है, वह बिंदु है जहां आप वास्तव में सार्वभौमिक हैं वहां से आप सिद्धांत के साथ, शक्ति के साथ, उस शक्ति के संपर्क में होते हैं जो हर कण में, हर विचार में, जो भावना है, पूरे विश्व की हर योजना और सोच में व्याप्त है। आप उन सभी तत्वों में व्याप्त हैं जिन्होंने इस खूबसूरत पृथ्वी को बनाया है। आप पृथ्वी में व्याप्त हैं; आप आकाश [आकाश, ईथर], तेज [प्रकाश], ध्वनि में व्याप्त हो जाते हैं। लेकिन आपकी गति बहुत धीमी है।

फिर आप कहते हैं: 'मैं ध्यान कर रहा हूं,'इसका मतलब है कि आप सार्वभौमिक सत्ता के साथ व्याप्त होकर आगे बढ़ रहे हैं। लेकिन आप खुद आगे नहीं बढ़ रहे हैं, आप बस उन चीज़ों के भार से मुक्त होने के लिए खुद को उतार रहे हैं जो आपको आगे बढ़ने नहीं देती हैं।

जब आप ध्यान में होते हैं तो आपको खुद को विचारहीन जागरूकता में रहने देना चाहिए। वहां, अचेतन स्वयं, अचेतन स्वयं आपका प्रभार संभालेगा। आप अचेतन की शक्ति के साथ आगे बढ़ना शुरू कर देंगे। अचेतन इसे कार्यान्वित करने जा रहा है। यह आपको वहां ले जाएगा, जहां वह आपको ले जाना चाहता है। आप हर समय विचारहीन जागरूकता में रहें। जितना हो सके विचारहीन जागरूकता में रहने की कोशिश करें। जब आप विचारहीन जागरूकता में होते हैं तो आपको पता होना चाहिए कि आप ईश्वर के राज्य में हैं और उनके लोग, उनकी व्यवस्थाएं, उनकी चेतना, आपकी देखभाल करने जा रही है।

जब आप दूसरे लोगों को कंपन दे रहे होते हैं, तब भी मैंने देखा है कि आप विचारहीन जागरूकता में नहीं होते हैं। यदि आप विचारहीन जागरूकता में कंपन देते हैं, तो आप कुछ भी नहीं पकड़ेंगे क्योंकि ये सभी सत्ताएं जो आपके अंदर प्रवेश करती हैं, ये सभी भौतिक समस्याएं जो आपके अंदर आती हैं, तब आती हैं जब आप उन तीन आयामों में होते हैं। सहज योग के माध्यम से, आपने अपने अस्तित्व के द्वार खोल दिए हैं। आप अपने स्वयं के राज्य में प्रवेश कर गए हैं, लेकिन आप वहां नहीं रहते।

प्रस्तुति : धीरज सिंह

जीवन ऊर्जा

इगोर स्ट्राविंस्की : जन्म 17 जून, 1882 | जन्म

इगोर स्ट्राविंस्की का जन्म 17 जून, 1882 को हुआ था और मृत्यु 6 अप्रैल, 1971 को हुई थी। वे एक रूसी संगीतकार थे जो अपने अभिनव संगीत के लिए जाने जाते थे। उन्होंने ₹द फायरबर्ड₹ और ₹द राइट ऑफ स्प्रिंग₹ जैसी प्रसिद्ध रचनाएँ बनाईं, जिसने शास्त्रीय संगीत को बदल दिया। स्ट्राविंस्की की बोल्ड शैली और रचनात्मकता ने उन्हें 20वीं सदी के सबसे महत्वपूर्ण संगीतकारों में से एक बना दिया।


## कलाकार को असली प्रतिष्ठा उसके अनुकरणकर्ता देते हैं



सुनना एक प्रयास है, और सिर्फ़ सुनना कोई योग्यता नहीं है। बत्तख भी सुन सकती है।कलाकार जितना कम उधार लेते हैं, महान कलाकार उतना ही चुराते हैं। कोई व्यक्ति जितना ज़्यादा प्रतिबंध लगाता है, वह उतना ही ज़्यादा मुक्त होता है।मैंने अपने जीवन में संगीत की एक भी पंक्ति नहीं समझी है, लेकिन मैंने उसे महसूस किया है।चुप्पी मुझे ग़लत (और मूर्ख) होने से बचाएगी, लेकिन यह मुझे सही होने की संभावना से भी वंचित करेगी। कलाकार को असली प्रतिष्ठा उसके अनुकरणकर्ता देते हैं। मुझे पूरा यकीन है कि जो लिखा नहीं गया है, उसे भुला दिया जाना तय है और, कुछ अर्थों में, बर्बाद हो जाना तय है।कलाकार का अनुभव जितना गहरा होगा, उसके जीवन की विविधता उतनी ही ज़्यादा होगी, आंतरिक काम उतना ही दुर्लभ होगा। आम तौर पर संगीत की सराहना के साथ परेशानी यह है कि लोगों को संगीत के प्रति बहुत ज़्यादा सम्मान रखना सिखाया जाता है। जैसे खाने से भूख लगती है, वैसे ही काम प्रेरणा लाता है। बहुत सारे संगीत खत्म होने के बहुत बाद खत्म होते हैं। एक अच्छा संगीतकार नकल नहीं करता; वह चोरी करता है। संगीत की घटना एक सतत वर्तमान है। मेरे संगीत को बच्चे और जानवर सबसे अच्छी तरह समझते हैं। रचना करने के लिए एक गतिशील शक्ति होनी चाहिए, और प्रेम से अधिक शक्तिशाली कौन सी शक्ति हो सकती है? संगीत, अपने स्वभाव से ही, किसी भी चीज़ को व्यक्त करने में अनिवार्य रूप से शक्तिहीन है। असली संगीत हमेशा क्रांतिकारी होता है।अंतहीन धुन का सिद्धांत एक ऐसे संगीत का निरंतर बनना है, जिसके शुरू होने का कभी कोई कारण नहीं था, न ही उसके समाप्त होने का कोई कारण था। चाल यह है कि आप जो रचना करना चाहते हैं, उसे लिखें और बाद में उसे कमीशन करवाएं। संगीत के एक टुकड़े पर एकमात्र सच्ची टिप्पणी एक और संगीत टुकड़ा है।

सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश

## युधिष्ठिर का राजसूय यज्ञ



पिछले एक माह से राजधानी में अत्यंत चहल-पहल थी। सैकड़ों की संख्या में देश-देश के राजे-महाराजे पधारे थे। उनके साथ उनका रनिवास, उनके सेवक और सैनिक थे। समस्त भरतखण्ड के ऋषि और मुनि, ब्राह्मण और सन्यासी आशीर्वाद देने आए थे। इस शुभमंगल अवसर पर पर्याप्त भोजन और भिक्षा की आशा में राज्य के ही नहीं, अपितु अनेकों निकटवर्ती राज्यों की निर्धन प्रजा भी उपस्थित थी। युवराज भीम के कुशल प्रबंधन में सभी कार्य सुचारू रूप से चल रहे थे। अधिषिक्त सम्राट युधिष्ठिर और साम्रगी याज्ञसेनी को तो धार्मिक कर्मकांडों से ही अवकाश न मिलता था पर युवराज और उनके अनुजों ने सब कुछ सम्भाल लिया था। राजसूय यज्ञ की सभी विधियाँ लगभग पूर्ण हो चुकी थी। अभिमंत्रित जल से स्नान कर सम्राट और साम्रगी सिंहासनारूढ़ हो चुके थे। अनन्तर सम्राट उठे और उपस्थित अतिथियों को प्रणाम कर बोले, ₹महादेव की कृपा से और उनकी ही प्रेरणा से मैंने राजसूय यज्ञ का आयोजन किया। आप सभी ने इंद्रप्रस्थ के ध्वज को सम्मान दिया है और मेरी सत्ता को स्वीकार किया। अब मेरा कर्तव्य है कि मैं आप सभी को धन्यवाद दूँ और आपका सम्मान करूँ। यहाँ उपस्थित सभी ऋषियों का आशीर्वाद और राजाओं का साथ मुझे प्राप्त है। समय-समय पर आपके परामर्श से ही मुझे इस सम्राट पद की प्राप्ति हुई है। परन्तु मेरा अंतर्मन यह कहता है कि यदि वासुदेव श्रीकृष्ण का साथ न होता, उनके हितवचन और उनकी नीति न होती तो हम पांडुपुत्रों के लिए कुछ भी सम्भव न होता। मेरी दृष्टि में वे निर्विवाद रूप से सभी राजाओं, ऋषियों, अपितु सभी मानवों में श्रेष्ठ हैं। अतः मेरी इच्छा है कि मैं सबसे पहले उनका सम्मान करूँ, उनकी पूजा करूँ। सम्राट के यह वचन सुन महर्षि वेदव्यास, मुनि धौम्य, महाराज द्रुपद, भीष्म इत्यादि के मुख खिल गए और महाराज धृतराष्ट्र, दुर्योधन, जयद्रथ इत्यादि चिढ़ गए। परन्तु सम्राट की इच्छा ही आदेश है, अतः सब चुप रहे। नकुल सभा से बाहर निकले और दूर किसी पंगत में आमजनों को भोजन परोस रहे कृष्ण को सप्रेम खींचकर सभा में ले आये और आसन पर बिठा दिया। सारी सभा शांत बैठी हुई थी और सहदेव को परात में जल लेकर आते देखती रही। सहदेव ने बड़े प्रेम से कृष्ण के पादत्राणों को निकाला और जल से मधुसूदन के चरणकमलों को पखारने ही वाले थे कि एक क्रोधित स्वर ने उन्हें बलात रोक ही दिया। सबने देखा कि चेदिनरेश शिशुपाल उठ खड़ा हुआ था और चीखते हुए बोल रहा था, ₹ठहर जाओ सहदेव। तुम इस नीच ग्वाले के पैर कैसे धो सकते हो?



पंडित कैलाशचंद्र शर्मा

वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।

मो। नं। 9425980556

प्रेरक प्रसंग

## राजमहल

सर्दी का मौसम था। तेनालीराम शाम के समय राजमहल से वापस लौट रहा था। तभी उसे सामने एक भिखारी नजर आया। तेनालीराम ने जेब से एक चाँदी का सिक्का निकाल कर भिखारी के हाथ पर रखा। परन्तु भिखारी उसे लेने से इनकार करते हुए बोला, 'श्रीमान्! मुझे भीख नहीं चाहिए। मैं जानता हूं, आप राजदरबार के अष्टदिग्गजों में से एक हैं। मेरी एक समस्या हैं। मैं आपसे सिर्फ उसका समाधान चाहता हूं।'ओह! बताओ भाई तुम्हारी क्या समस्या है? तेनालीराम ने भिखारी से पूछा। कुछ हिचकते हुए भिखारी बोला,मैं जानता हूं कि मैं एक गरीब भिखारी हूं, पर मेरी दिली इच्छा है कि लोग मुझे 'सेठजी' कह कर पुकारें। दुर्भाग्यवश, मुझे कोई तरीका नहीं सूझ रहा कि लोग मुझे 'सेठजी' कहकर बुलाएं। तेनालीराम कुछ देर सोचता रहा, फिर बोला,मेरे पास तुम्हारी समस्या का समाधान है। देखना जल्द ही लोग तुम्हें 'सेठजी' कहकर बुलायेंगे। बस मैं जैसा कहूं, वैसा ही करते जाना। तुम इस जगह से कुछ दूर खड़े हो जाओ और जब भी तुम्हें कोई 'सेठजी' कह कर पुकारे, उसके पीछे ऐसे दौड़ना जैसे उसे मारने आ रहे हो। तेनालीराम ने उस भिखारी को समझाया और वहाँ से चला गया। भिखारी उस जगह से कुछ दूर जाकर खड़ा हो गया। इस बीच तेनालीराम ने कुछ शैतान बच्चों को पास बुलाया और भिखारी की ओर इशारा करते हुए बोला, बच्चों, वो आदमी देख रहे हो, जो वहां खड़ा है। उसे सेठजी कहकर पुकारने से वह बहुत चिढ़ता है। बच्चों को ऐसी बात पता चलते ही शैतानी सूझी। जल्द ही सभी बच्चे उस भिखारी के आस-पास खड़े होकर जोर-जोर से सेठजी, सेठजी चिल्लाने लगे। तेनालीराम के बताएं अनुसार वह भिखारी उन बच्चों के पीछे यूं भागा मानों उन्हें मारने आ रहा हो। बच्चों की देखादेखी अन्य लोग भी भिखारी को 'सेठजी' कहकर बुलाने लगे। जितना ही भिखारी सबके पीछे भागता, उतना ही वे लोग उसे चिढ़ाने के लिए सेठजी कहते हुए उसके पीछे भागते। कई दिनों तक ऐसे ही चलता रहा। इन सबका नतीजा यह हुआ कि वह भिखारी पूरे हम्पी में सेठजी के नाम से मशहूर हो गया। थोड़ा दिमाग लड़ाने से बड़ी से बड़ी और छोटी से छोटी समस्या का समाधान निकल आता है।

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि." के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुणलाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडिस्ट्रयल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रयल इस्टेट गेट नं.2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित। फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com कार्यकारी संपादक : राजा आदाटे (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)।

# शिव योग और सिद्ध योग में मनाई जायेगी निर्जला एकादशी



हिंदू धर्म में निर्जला एकादशी व्रत को बहुत ही महत्वपूर्ण माना जाता है। सभी 24 एकादशी व्रतों में निर्जला एकादशी व्रत को सर्वश्रेष्ठ माना जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार जो व्यक्ति निर्जला एकादशी व्रत रखता है, उसे सभी 24 एकादशी व्रतों का फल प्राप्त हो जाता है। शास्त्रों के अनुसार, इस विशेष दिन पर भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की उपासना करने से और निर्जला उपवास रखने से विशेष लाभ मिलता है और जीवन में आ रही सभी समस्याएं दूर हो जाती हैं। ज्योतिषाचार्य ने बताया कि पंचांग के अनुसार ज्येष्ठ मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि 17 जून सुबह 4:43 पर शुरू हो रही है। इसका समापन 18 जून सुबह 06:24 पर होगा। उदया तिथि के अनुसार 18 जून 2024 को निर्जला एकादशी व्रत रखा जाएगा। इस व्रत का बड़ा महत्व है। इस दिन व्रत करने से सालभर की एकादशी का पुण्य मिल जाता है। महाभारत काल में पांडव पुत्र भीम ने भी इस एकादशी पर व्रत किया था। इसलिए इसे भीमसेनी एकादशी भी कहते हैं। इस एकादशी पर पूरे दिन पानी नहीं पिया जाता।

ज्योतिषाचार्य ने बताया कि 18 जून को निर्जला एकादशी व्रत है। स्कंद पुराण के विष्णु खंड में एकादशी महात्म्य नाम के अध्याय में सालभर की सभी एकादशियों का महत्व बताया गया है। हिंदू धर्म में एकादशी तिथि का विशेष महत्व है। एकादशी तिथि भगवान विष्णु को समर्पित मानी जाती है। यही कारण है कि एकादशी के दिन भगवान विष्णु की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की जाती है। निर्जला एकादशी व्रत ज्येष्ठ शुक्ल की एकादशी तिथि के दिन रखा जाता है। पौराणिक शास्त्रों में इसे भीमसेन एकादशी, पांडव एकादशी और भीम एकादशी के नाम से भी जाना जाता है। नाम से ही आभास हो रहा है कि निर्जला एकादशी व्रत निर्जल रखा जाता है। इस व्रत में जल की एक बूंद भी ग्रहण नहीं की जाती है। व्रत के पूर्ण हो जाने के बाद ही जल ग्रहण करने का विधान है। ज्येष्ठ माह में बिना जल के रहना बहुत बड़ी बात होती है। मान्यता है कि जो व्यक्ति निर्जला एकादशी व्रत को रखता है उसे सालभर में पड़ने वाली समस्त एकादशी व्रत के समान पुण्यफल प्राप्त होता है। इस व्रत करने वालों को जगत के पालनहार भगवान विष्णु जी का आशीर्वाद प्राप्त होता है। यह व्रत एकादशी तिथि के रखा जाता है और अगले दिन यानी द्वादशी तिथि के दिन व्रत पारण विधि-विधान से किया जाता है।

### निर्जला एकादशी पर बन रहे शुभ योग

इस साल निर्जला एकादशी पर काफी शुभ योग बन रहे हैं। शिव योग दिनभर रहकर रात 9:39 मिनट तक रहेगा। इसके बाद सिद्ध योग लग जाएगा। इसके साथ ही दोपहर में 3:56 मिनट से लेकर अगले दिन सुबह 5:24 मिनट तक त्रिपुष्कर योग है।

### निर्जला एकादशी

ज्येष्ठ मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि 17 जून सुबह 4:43 पर शुरू हो रही है। इसका समापन 18 जून सुबह 06:24 पर होगा। उदया तिथि के अनुसार 18 जून 2024 को निर्जला एकादशी व्रत रखा जाएगा।

### निर्जला एकादशी पर तुलसी पूजन

तुलसी की पूजा हिंदू धर्म में काफी समय पहले से चली आ रही है। हिंदू घरों में तुलसी के पौधे की खास पूजा की जाती है। सभी एकादशी के दिन तुलसी की खास पूजा की जाती है। वहीं यदि बात निर्जला एकादशी की करें तो इस दिन भगवान विष्णु की पूजा-अर्चना की जाती है और भगवान विष्णु को तुलसी अति प्रिय है इसलिए इस दिन तुलसी पूजन का काफी महत्व होता है। तुलसी को माता लक्ष्मी का प्रतीक माना जाता है। माना जाता है कि जिस घर में तुलसी का पौधा होता है वहां देवी-देवताओं का वास होता है।

### भीम ने रखा था निर्जला एकादशी व्रत

कथा के अनुसार भीमसेन को अधिक भूख लगती थी। जिसके कारण वे कभी व्रत नहीं रखते थे। लेकिन वे भी चाहते थे कि मृत्यु के बाद मोक्ष की प्राप्ति हो, उनको पुण्य प्राप्त हों। वे चाहते थे कि कोई एक ऐसा व्रत हो, जिसे करने से वे पाप मुक्त हो जाएं और मोक्ष भी मिल जाए। तब उनको निर्जला एकादशी व्रत रखने को कहा गया। ऋषि-मुनियों के सुझाव पर उन्होंने निर्जला एकादशी का व्रत रखा। व्रत के पुण्य प्रभाव और विष्णु कृपा से वे पाप मुक्त हो गए और अंत में मोक्ष को प्राप्त हुए।

### ये कार्य करे अवश्य

निर्जला एकादशी के दिन दूध में केसर मिलाकर अभिषेक करने से भगवान विष्णु की कृपा बनी रहती है। निर्जला एकादशी के दिन विष्णु सहस्त्र का पाठ करने से कुंडली के सभी दोष समाप्त होते हैं। निर्जला एकादशी के दिन भोग में भगवान विष्णु को पीली वस्तुओं का प्रयोग करने से धन की बरसात होती है। निर्जला एकादशी के दिन गीता का पाठ भगवान विष्णु की मूर्ति के समाने बठकर करने से पित्रों का आशीर्वाद प्राप्त होता है। भगवान विष्णु की पूजा तुलसी के बिना पूरी नहीं होती है। इसलिए निर्जला एकादशी के दिन भगवान विष्णु को भोग में तुलसी का प्रयोग अवश्य करें।

### न करें ये गलती

माता तुलसी को विष्णु प्रिया कहा जाता है।शास्त्रों के अनुसार एकादशी पर तुलसी में जल अर्पित नहीं करना चाहिए। इससे पाप के भागी बनते हैं क्योंकि इस दिन तुलसी भी एकादशी का निर्जल व्रत करती हैं। साथ ही विष्णु जी को पूजा में अक्षत अर्पित न करें। श्रीहरि की उपासना में चावल वर्जित हैं।

### पूजा विधि

सुबह जल्दी उठकर स्नान आदि से निवृत्त हो जाएं। घर के मंदिर में दीप प्रज्वलित करें। गवान विष्णु का गंगा जल से अभिषेक करें। भगवान विष्णु को पुष्प और तुलसी दल अर्पित करें। अगर संभव हो तो इस दिन व्रत भी रखें। भगवान की आरती करें। भगवान को भोग लगाएं। इस बात का विशेष ध्यान रखें कि भगवान को सिर्फ सात्विक चीजों का भोग लगाया जाता है। भगवान विष्णु के भोग में तुलसी को जरूर शामिल करें। ऐसा माना जाता है कि बिना तुलसी के भगवान विष्णु भोग ग्रहण नहीं करते हैं। इस पावन दिन भगवान विष्णु के साथ ही माता लक्ष्मी की पूजा भी करें। इस दिन भगवान का अधिक से अधिक ध्यान करें।

### व्रत विधि

सुबह जल्दी उठकर नित्यकर्म के बाद स्नान करें और व्रत का संकल्प लें। इसके बाद भगवान विष्णु की पूजा करनी चाहिए। पूरे दिन भगवान स्मरण-ध्यान व जाप करना चाहिए। पूरे दिन और एक रात व्रत रखने के बाद अगली सुबह सूर्योदय के बाद पूजा करके गरीबों, ब्रह्मणों को दान या भोजन कराना चाहिए। इसके बाद खुद भी भगवान का भोग लगाकर प्रसाद लेना चाहिए।

### पौराणिक कथा

पौराणिक कथा के अनुसार, महाभारत काल के समय एक बार पाण्डु पुत्र भीम ने महर्षि वेद व्यास जी से पूछा- हे परम आदरणीय मुनिवर! मेरे परिवार के सभी लोग एकादशी व्रत करते हैं और मुझे भी व्रत करने के लिए कहते हैं। लेकिन मैं भूखा नहीं रह सकता हूं अतः आप मुझे कृपा करके बताएं कि बिना उपवास किए एकादशी का फल कैसे प्राप्त किया जा सकता है। भीम के अनुरोध पर वेद व्यास जी ने कहा- पुत्र! तुम ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष की एकादशी के दिन निर्जल व्रत करो। इस दिन अन्न और जल दोनों का त्याग करना पड़ता है। जो भी मनुष्य एकादशी तिथि के सूर्योदय से द्वादशी तिथि के सूर्योदय तक बिना पानी पीये रहता है और सच्ची श्रद्धा से निर्जला व्रत का पालन करता है, उसे साल में जितनी एकादशी आती हैं उन सब एकादशी का फल इस एक एकादशी का व्रत करने से मिल जाता है। तब भीम ने व्यास जी की आज्ञा का पालन कर निर्जला एकादशी का व्रत किया था।

# शनिदेव को ज्येष्ठ पूर्णिमा के दिन चढ़ाएं ये चीजें

## साढ़ेसाती से मिलेगा छुटकारा

सनातन धर्म में पूर्णिमा तिथि का विशेष महत्व है। हर माह में एक पूर्णिमा तिथि आती है, इस तरह से साल में कुल 12 पूर्णिमा आती है। इस दिन भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी के साथ-साथ चंद्रदेव की पूजा विधिवत रुप से करने का विधान है। इसके साथ ही अगर किसी व्यक्ति की कुंडली में शनि की साढ़ेसाती चल रही है, तो इस दिन शनिदेव की पूजा करने से बेहद लाभ मिल सकता है। ऐसे में किसी जातक की कुंडली में शनि की साढ़ेसाती चल रही है, तो उससे छुटकारा पाने के लिए शनिदेव को क्या चढ़ाने से लाभ हो सकता है।

### काले तिल को शनिदेव को अर्पित करें

शनिदेव को काले बेहद पसंद है। उनके ऊपर तिल चढ़ाने से वे काफी प्रसन्न होते हैं और अपनी कृपा बरसाते हैं। शनिदेव को कलयुग का न्याय देवता माना जाता है। उनके ऊपर तिल चढ़ाने से कई जन्मों के पापों का नाश होता है। शनि की दशा या साढ़े साती के दौरान शनिदेव को तिल चढ़ाने से पीड़ा कम होती है। अगर आपकी कुंडली में शनि की साढ़ेसाती का प्रभाव है, तो ज्येष्ठ पूर्णिमा के दिन ब्रह्म मुहूर्त में शनिदेव को सरसों तेल चढ़ाने से लाभ हो सकता है।



कुंडली में ग्रहों की शांति के लिए भी शनिदेव को तिल चढ़ाएं जाते हैं। ज्योतिष के अनुसार ज्येष्ठ पूर्णिमा के दिन खासकर तिल चढ़ाने व्यक्ति को शुभ फलों की प्राप्ति होती है।

### सरसों का तेल चढ़ाएं


ज्योतिष के अनुसार सरसों के तेल में नकारात्मक ऊर्जा को सोखने की क्षमता होती है। शनिदेव को सरसों का तेल चढ़ाने से मानसिक शांति मिलती है। अगर किसी जातक की

### शमी का फूल चढ़ाएं

ज्येष्ठ पूर्णिमा के दिम आप शनिदेव को शमी का फूल अर्पित करने से व्यक्ति को सभी परेशानियों से छुटकारा मिल सकता है। शनिदेव को शमी के फूल चढ़ाने से धन लाभ होता है। शनि देव को शमी के फूल चढ़ाने से स्वास्थ्य लाभ और रोगों से मुक्ति मिलती है। शनिदेव को शमी का फूल चढ़ाएंगे तो आपको नौकरी-व्यवसाय में मिलेगी।

# साधक को भगवान की परीक्षा लेने का अधिकार नहीं है

श्रीसती जी अपने जीवन की सबसे बड़ी गलती कर बैठी थी। गलती यह, कि उन्होंने उनकी परीक्षा ली, जिन्हें स्वयं भोलेनाथ भी 'सच्चिदानंद' कहकर प्रणाम कर रहे थे। गलतियाँ होना बड़ी बात नहीं होती। बड़ी बात होती है, उस गलती को स्वीकार कर लेना एवं पुनः उन गलतयों को स्वपन में भी न दोहराना। लेकिन श्रीसती जी शायद इन सिद्धातों से वास्ता ही नहीं रखना चाह रही थी। क्यों? यह हम आगे जानने वाले हैं। श्रीसती जी भगवान श्रीराम जी की परीक्षा लेकर वापिस भोलेनाथ जी के पास गई, तो भगवान शंकर वटवृक्ष के नीचे ध्यान मग्न बैठे थे। श्रीसती जी को पास पाकर वे मुस्कराकर पूछते हैं, कि 'हे सती! तुम श्रीराम जी की परीक्षा लेकर आ गई हो? सच-सच बताना, तुमने श्रीराम जी की परीक्षा किस प्रकार से ली?'



देखा जाये, तो भगवान शंकर अभी भी श्रीसती जी से गुस्सा नहीं हैं। अगर वे गुस्सा होते, तो ऐसे हँस कर श्रीसती जी से बात न करते। क्योंकि उन्हें पता है, कि साधक को भगवान की परीक्षा लेने का अधिकार नहीं है। लेकिन चलो आज अगर इस धरती पर, ऐसा कोई करने का साहस कर पा रहा है, तो वह मेरे ही घर में से है। निश्चित ही उसकी भावना अपावन ना हो, ऐसी मेरी कामना है। भक्त और भगवान के रिश्ते में, कभी-कभी भक्त को भी भगवान की परीक्षा लेने का अधिकार होना चाहिए। प्रभु को भी तो पता चले, कि परीक्षा देने मे कितनी कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है। श्रीनारद जी ने भी तो भगवान विष्णु को श्राप दे दिया था। आश्चर्य की बात, कि भगवान ने भी उस श्राप को स्वीकार कर लिया था। वे श्रीनारद पर क्रोधित थोड़ा न हुए थे। हो सकता है, कि श्रीराम जी भी अपनी परीक्षा लेने पर बुना न माने हों। लेकिन कुछ भी हो, मुझे वह प्रसंग सुनने की अतिअंत उत्कंठा है, कि कैसे सती ने, श्रीराम जी की परीक्षा ली होगी?

श्रीसती जी ने जब, भगवान शंकर जी के श्रीमुख से यह प्रश्न सुना, तो वे मन ही मन ओर अधिक उलझ गई। वे सोचने लगी, कि भोलनाथ अब निश्चित ही क्रोधित होंगे, क्योंकि मैंने निश्चित ही पून्य का कार्य नहीं किया है। तब श्रीसती जी अपने मन में श्रीराघव के अप्रितम प्रभाव का स्मरण कर भयभीत होकर बोली-'हे स्वामिन! मैंने कुछ भी परीक्षा नहीं ली, वहाँ जाकर मैंने श्रीराम जी को ठीक वैसे ही प्रणाम किया, जैसे आपने किया था।'

तब भगवान शंकर ने यहाँ दो प्रकार की क्रियायें की। पहली बोल कर, और दूसरा ध्यान में जाकर। बोल कर तो यह कहा, कि हे सती आपने जो कहा वह झूठ नहीं हो सकता। ऐसा मेरे मन में दृढ़ विश्वास है-

'जो तुम्ह कहा सो मृषा न होई।
मोरें मन प्रतीत अति सोई।।'

भगवान शंकर ने देखा, कि श्रीसती जी मेरे संग दैहिक स्तर पर सत्यवादी होने का प्रयास कर रही है। मुझसे श्रीसती जी झूठ भी भला क्यों बोलेगी? कारण कि पति-पत्नि का तो रिश्ता ही ऐसा है, कि इसकी नींव पूर्णतः विश्वास पर ही टिकी हुई है। विश्वास है, तो रिश्ता है, और अगर विश्वास नहीं, तो इस रिश्ते की कल्पना करना भी व्यर्थ है।

भगवान शंकर ने दैहिक स्तर तो श्रीसती जी के वाक्यों को सम्मान दे दिया, लेकिन आत्मिक स्तर पर, पता नहीं क्यों, श्रीसती जी कसोटी पर खरी उतरती नहीं दिख पा रही थी। तभ भगवान शंकर ने दूसरी क्रिया के रुप में अपनी आँखें बंद करली। उन्होंने ध्यान में देखा, कि कैसे-कैसे श्रीसती जी ने भगवान श्रीराम जी की परीक्षा ली। जिसके दौरान श्रीसती जी एक अक्षम्य अपराध कर रही हैं। वह अपराध था, श्रीसती जी द्वारा जगत जननी श्रीसीता जी का स्परुप धारण करना। यह जानकर भगवान शंकर जी के मन में विषाद छा गया। वे भीतर तक निराश हो गये। उन्हें दूर-दूर तक यह आशा नहीं थी, कि श्रीसती जी ऐसा करेंगी।

## राशिफल

प्रियंका जैन

**मेष** — पुराने संगी-साथी व रिश्तेदारों से मुलाकात होगी। नए मित्र बनेंगे। प्रसन्नता रहेगी। कार्यों में गति आएगी। विवेक का प्रयोग करें। लाभ में वृद्धि होगी। मित्रों के सहयोग से समस्या का हल मिलेगा। व्यापार ठीक चलेगा।

**वृष** — मेहनत सफल रहेगी। बिगड़े काम बनेंगे। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। आय में वृद्धि होगी। सामाजिक कार्य करने के अवसर मिलेंगे। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। पार्टनरों का सहयोग मिलेगा।

**मिथुन** — लेन-देन में सावधानी रखें। किसी भी अपरिचित व्यक्ति पर अंधविश्वास न करें। शोक संदेश मिल सकता है। विवाद को बढ़ावा न दें। किसी के उकसाने में न आएं। व्यस्तता रहेगी। थकान व कमजोरी रहेगी।

**कर्क** — मेहनत का फल पूरा नहीं मिलेगा। स्वास्थ्य खराब हो सकता है। बौद्धिक कार्य सफल रहेंगे। किसी प्रबुद्ध व्यक्ति का मार्गदर्शन मिल सकता है। यात्रा मनोरंजक रहेगी। पारिवारिक मांगलिक कार्य हो सकता है।

**सिंह** — संपत्ति के बड़े सौदे बड़ा लाभ दे सकते हैं। प्रॉपर्टी ब्रोकर्स के लिए सुनहरा मौका साबित हो सकता है। भाग्योन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। रोजगार में वृद्धि के योग हैं। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। आय में वृद्धि होगी।

**कन्या** — शत्रुओं का पराभव होगा। राजकीय सहयोग प्राप्त होगा। वैवाहिक प्रस्ताव प्राप्त हो सकता है। कारोबार से लाभ होगा। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। कोई बड़ा कार्य करने की योजना बन सकती है। सुख के साधनों पर व्यय होगा।

**तुला** — वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग से हानि की आशंका है, सावधानी रखें। दूसरों के झगड़ों में हस्तक्षेप न करें। आवश्यक वस्तु समय पर नहीं मिलने से क्षोभ होगा। फालतू की बातों पर ध्यान न दें। व्यापार ठीक चलेगा।

**वृश्चिक** — तीर्थदर्शन हो सकता है। सत्संग का लाभ मिलेगा। राजकीय सहयोग से कार्य पूर्ण व लाभदायक रहेंगे। कारोबार मनोनुकूल रहेगा। शेयर मार्केट में जोखिम न लें। नौकरी में चैन रहेगा। घर-बाहर प्रसन्नता बनी रहेगी।

**धनु** — आर्थिक उन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। कोई बड़ा कार्य कर पाएंगे। व्यवसाय मनोनुकूल लाभ देगा। कार्य पूर्ण होंगे। प्रसन्नता रहेगी। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। भाग्य का साथ मिलेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। जोखिम न लें। भाइयों का सहयोग मिलेगा। आय में वृद्धि होगी।

**मकर** — बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। लंबी यात्रा हो सकती है। लाभ होगा। नए अनुबंध हो सकते हैं। रोजगार में वृद्धि होगी। रुके कार्य पूर्ण होंगे। प्रसन्नता रहेगी। नौकरी में उच्चाधिकारी की प्रसन्नता प्राप्त होगी। प्रशंसा मिलेगी। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। प्रमाद न करें।

**कुंभ** — व्ययवृद्धि से तनाव रहेगा। किसी व्यक्ति के उकसावे में न आएं। विवाद से बचें। पारिवारिक चिंता बनी रहेगी। काम में मन नहीं लगेगा। व्यापार ठीक चलेगा। आय होगी। विवेक का प्रयोग करें। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा।

**मीन** — रोजगार में वृद्धि होगी। व्यावसायिक यात्रा लाभदायक रहेगी। बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। नवीन वस्त्राभूषण की प्राप्ति होगी। कोई बड़ा कार्य हो जाने से प्रसन्नता रहेगी। निवेश लाभदायक रहेगा। भाग्योन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। विवाद से बचें।

# वैवाहिक जीवन में शुभ तथा अशुभ योग

ज्योतिष शास्त्र अनुसार निम्न योगों द्वारा व्यक्ति का वैवाहिक जीवन अच्छा तथा वैवाहिक जीवन में अलगाव, तनाव तथा आपसी मतभेद का सरलता से ज्ञान प्राप्त किया जा सकता है:



### सुखी वैवाहिक जीवन के ज्योतिषीय योग

- यदि सप्तमेश की स्थिति केंद्र या त्रिकोण भाव में हो या सप्तमेश एकादश भाव में स्थित हो तथा विवाह के कारक ग्रह गुरु और शुक्र शुभ भाव में स्थित हों तो जातक का वैवाहिक जीवन खुशहाल रहता है।
- सप्तम भाव तथा सप्तमेश पर शुभ ग्रहों की दृष्टि जातक को खुशहाल वैवाहिक जीवन प्रदान करती है।
- यदि जन्म कुंडली में सप्तमेश लग्न या पंचम भाव में हो तो ऐसे जातक का जीवनसाथी उसे दिल से प्यार करता है।
- यदि नवमांश कुंडली में लग्न कुंडली के सप्तमेश की स्थिति अच्छी हो तथा नवमांश कुंडली का सप्तमेश नवमांश कुंडली में शुभ भाव में स्थित हो तो ऐसे व्यक्ति का वैवाहिक जीवन खुशहाल रहता है।

असफल वैवाहिक जीवन के योग

- यदि सप्तमेश छठे, आठवें, द्वितीय या द्वादश भाव में स्थित हो तथा शादी का कारक ग्रह गुरु या शुक्र अशुभ भाव में स्थित हों तथा पाप ग्रहों से दृष्ट हों तो जातक का वैवाहिक जीवन अत्यधिक तनावपूर्ण रहता है।
- यदि सप्तमेश वक्री हो तो जातक का वैवाहिक जीवन अच्छा नहीं होता।
- यदि सूर्य और शुक्र पंचम, सप्तम तथा नवम भाव में स्थित हों तो ऐसे जातक का वैवाहिक जीवन अच्छा नहीं होता।



प्रियंका जैन
9769994439

# विकास व जनकल्याण के कार्यों की सतत निगरानी करें एमपी-एमएलए : मुख्यमंत्री योगी

## गोरखपुर मंडल के जनप्रतिनिधियों के साथ मुख्यमंत्री ने किया संवाद

एजेंसी | गोरखपुर

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सांसद, विधायक समेत सभी जनप्रतिनिधियों का आह्वान किया है कि वे विकास और जन कल्याण के कार्यों की सतत निगरानी करें। सभी जनप्रतिनिधि अपने-अपने क्षेत्र में पात्रों को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने को तत्पर रहें, विकास कार्यों के नए प्रस्ताव शासन को उपलब्ध कराएं। सुरक्षित माहौल में विकास और जनकल्याण सरकार की प्रतिबद्धता है।



मुख्यमंत्री योगी रविवार को एनेक्सी भवन में गोरखपुर मंडल के जनप्रतिनिधियों के साथ संवाद कर रहे थे। अनौपचारिक अंदाज में हुए इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने नवनिर्वाचित सांसदों को बधाई दी और लोकसभा चुनाव में पूरे मनोयोग से परिश्रम करने वाले विधायकगण को साधुवाद दिया।

उन्होंने संवाद के लिए आहुत इस बैठक में उपस्थित सभी विधायकों से उनके क्षेत्र में जारी विकास कार्यों,जनकल्याण के कार्यक्रमों की उपलब्धियों की जानकारी ली।

कहा कि विकास सतत चलने वाली प्रक्रिया है। क्षेत्र में विकास की जितनी भी गुंजाइश है, सभी जनप्रतिनिधि उस पर प्रस्ताव तैयार कराएं। साथ ही ऐसे पात्र लोगों को केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं से जोड़ें जिन्हें किन्हीं कारणवश किसी योजना का लाभ न मिल पाया हो।

सीएम योगी ने कहा कि लोकतंत्र में जनता ही जनार्दन होती है। हर जनप्रतिनिधि की जिम्मेदारी है कि वह जनता की समस्याएं और उनकी अपेक्षाएं सुनें तथा उसके अनुरूप विकास और जनकल्याण के कार्यों को आगे बढ़ाए। आमजन की संतुष्टि ही किसी जनप्रतिनिधि के काम का मानक है, इसलिए आम आदमी का विश्वास जीतें और इस विश्वास की डोर को और मजबूत करते रहें।

संवाद के दौरान मुख्यमंत्री ने हालिया संपन्न लोकसभा चुनाव में पार्टी के विधानसभावार प्रदर्शन पर भी चर्चा की और सभी जनप्रतिनिधियों से अपील की कि वे अभी से आगामी लक्ष्य के संधान में जुट जाएं।

इस अवसर पर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री सूर्य प्रताप शाही,राज्यमंत्री विजयलक्ष्मी गौतम, सांसद रवि किशन, विजय दूबे, शशांक मणि, महापौर डॉ मंगलेश श्रीवास्तव, विधायक फतेह बहादुर सिंह, राजेश त्रिपाठी, महेन्द्रपाल सिंह, ज्ञानेंद्र सिंह, जयप्रकाश निषाद, शलभ मणि त्रिपाठी, विपिन सिंह, प्रदीप शुक्ल, सरवन निषाद, प्रेम सागर पटेल, ऋषि त्रिपाठी समेत कई विधायक, एमएलसी डॉ धर्मेंद्र सिंह, रतनपाल सिंह आदि उपस्थित रहे।

# अखिलेश यादव ने ईवीएम की विश्वसनीयता पर फिर उठाए सवाल

एजेंसी | लखनऊ



समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने रविवार को एक बार फिर से ईवीएम (इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन) की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े करते हुए आगामी सभी चुनाव मतपत्रों के जरिये कराने की मांग की। सपा प्रमुख यादव ने रविवार को सोशल मीडिया मंच "एक्स" पर अपने एक पोस्ट में कहा, 'टेक्नॉलजी' समस्याओं को दूर करने के लिए होती है, अगर वही मुश्किलों की वजह बन जाए, तो उसका इस्तेमाल बंद कर देना चाहिए।' यादव ने इसी पोस्ट में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधते हुए कहा, 'आज जब विश्व के कई चुनावों में ईवीएम को लेकर गड़बड़ी की आशंका जाहिर की जा रही है और दुनिया के जाने-माने प्रौद्योगिकी विशेषज्ञ (टेक्नोलॉजी एक्सपर्ट्स) ईवीएम में हेराफेरी के खतरे की ओर खुलेआम लिख रहे हैं, तो फिर ईवीएम के इस्तेमाल की जिद के पीछे की वजह क्या है, ये बात भाजपाई साफ करें।' उन्होंने कहा, "आगामी सभी चुनाव बैलेट पेपर (मतपत्र) से कराने की अपनी मांग को हम फिर दोहराते हैं।' यादव पहले भी ईवीएम की विश्वसनीयता पर सवाल उठाते रहे हैं। हालांकि, हाल में संपन्न हुए लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में सपा ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। सपा को राज्य की 80 लोकसभा सीटों में 37 और उसकी सहयोगी कांग्रेस को छह सीटों

पर जीत मिली।वहीं सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को 33 और सहयोगियों को तीन सीटों पर ही जीत मिली। आज़ाद समाज पार्टी (कांशीराम) के हिस्से में भी एक सीट आयी है।

# फर्रुखाबाद में सड़क हादसे में संत बब्बा गुरु समेत दो लोगों की मौत





एजेंसी | फर्रुखाबाद

उत्तर प्रदेश के फर्रुखाबाद जिले के राजेपुर इलाके में एक कार की दूसरे वाहन से टक्कर हो जाने के कारण कार में सवार संत बब्बा गुरु समेत दो लोगों की मौत हो गयी। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार शनिवार की रात श्री पंचनाम जूना अखाड़ा के महंत मनोज भारती उर्फ बब्बा गुरु अपनी आल्टो कार से आ रहे थे, तभी राजेपुर के ग्राम गांधी के निकट सामने से तेज रफ्तार में आ रहे एक पिकअप वाहन ने कार को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में कार के परखच्चे उड़ गये और पिकअप वाहन टक्कर लगने के बाद मौके पर ही पलट गया। कार में सवार संत बब्बा गुरु व अन्य दोनों घायलों को जिले के लोहिया अस्पताल में भर्ती किया गया, जहां बब्बा गुरु (85) के साथ ही उनके चालक मोती उर्फ रिंकू (45) को मृत घोषित कर दिया गया। एक अन्य घायल संत कृष्णा भारती का उपचार किया जा रहा है। संत बब्बा गुरु की मौत की खबर से लोहिया अस्पताल में भीड़ लग गयी। सूचना मिलने पर अपर पुलिस अधीक्षक डा. संजय सिंह, थानाध्यक्ष राजेपुर रणविजय सिंह लोहिया अस्पताल पंहुचे।लोहिया अस्पताल पहुंचे थाना प्रभारी रणविजय सिंह ने बताया कि तीनों लोगों को गंभीर हालत में कार से निकाल कर एंबुलेंस द्वारा लोहिया अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सकों ने बब्बा गुरु सहित दो लोगों को मृत घोषित कर दिया। एक अन्य घायल का उपचार चल रहा है और मामले में आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की जा रही है। बब्बा गुरु के एक शिष्य ने बताया कि बब्बा गुरु कामाख्या जा रहे थे और वह यहां गंगा दशहरा पर स्नान करने आ रहे थे। बब्बा गुरु मध्य प्रदेश के दतिया के रहने वाले थे।

# इटावा में अलग-अलग इलाकों में युवक और युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या की

एजेंसी | इटावा

उत्तर प्रदेश के इटावा जिले के दो थाना क्षेत्रों में अलग-अलग घटनाओं में एक युवक और एक युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। जिले के थाना इकदिल के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) भीमसेन पौनिया ने बताया कि इकदिल कस्बे के मुहल्ला हरीनगर में शनिवार की रात ज्योति देवी (30) ने घर के अंदर छत से रस्सी बांधकर फांसी लगा ली। सुबह होने पर जब घर के लोग जागे तो फंदे पर लटकी हुई ज्योति को देख पुलिस को इस बारे में सूचित किया। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को उतारा तथा पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस ज्योति के आत्महत्या करने के कारण का पता लगाने की कोशिश कर रही है। आत्महत्या की दूसरी घटना कोतवाली सदर के अंतर्गत मुहल्ला सावितगंज में घटित हुई। शहर के कोतवाल विक्रम सिंह ने बताया कि मुहल्ला सावितगंज में सहवाग (30) ने शनिवार की रात में घर के अंदर उस समय फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली जब घर के लोग गहरी नींद में सोये हुए थे। सुबह घर के लोगों ने जागने पर उसे फंदे पर लटकते देख पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंच कर शव को नीचे उतारा और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस सहवाग के आत्महत्या करने के कारण का पता लगा रही है।

# इटावा में दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में दो लोगों की मौत

एजेंसी | इटावा

उत्तर प्रदेश के इटावा जिले के बकेवर क्षेत्र में अज्ञात वाहनों की चपेट में आने की अलग-अलग घटनाओं में एक महिला समेत दो लोगों की मौत हो गयी। पुलिस के सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि बकेवर क्षेत्र में इटावा-कानपुर राजमार्ग पर 15 और 16 जून की दरमियानी रात को करीब तीन बजे बिजौली गांव के ओवरब्रिज के निकट दिल्ली जाने के लिए बस के इंतजार मे खड़ा 28 वर्षीय कपिल कुमार किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आ गया।

## राजस्थान

# कोटा में जेईई के कोचिंग छात्र ने की खुदकुशी

**कोटा।** जेईई की तैयारी के लिए यहां कोचिंग कर रहे एक और छात्र का शव शनिवार रात को उसके कमरे में रोशनदान से लटका मिलने से सनसनी मच गई। मूलरूप से बिहार के मोतिहारी के रहने वाले छात्र से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस मामले की जांच क रही है। बताया गया कि मोतिहारी निवासी 17 साल का आयुष जायसवाल महावीर नगर इलाके में सम्राट चौक के पास एक पीजी में पहली मंजिल पर रहता था। वह जेईई की तैयारी कर रहा था। शनिवार रात तक वह कमरे से बाहर नहीं आया तो उसके साथियों ने दरवाजा खटखटाया। फिर भी कोई जवाब नहीं मिला। आयुष के दरवाजा न खोलने पर पीजी संचालक ने पुलिस को जानकारी दी। पुलिस ने कमरे का दरवाजा तोड़ा। अंदर आयुष का शव रोशनदान में फंदे में लटका मिला। पुलिस ने उसे उतारा और न्यू मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहां रह रही एक महिला ने बताया कि पीजी उनके ससुर संचालित करते हैं। महावीर नगर थाना के एसएचओ महेन्द्र मारू ने बताया कि शनिवार रात 10 बजे कंट्रोल रूम से एक छात्र के सुसाइड की जानकारी मिली थी। इसके बाद मौके पर पुलिस पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जानकारी कर रही है।

## गोली लगने से घायल हुए जवान ने दम तोड़ा,

**जोधपुर।।** जैसलमेर में गोली लगने से घायल हुए इमरजेंसी रिस्पांस टीम (ईआरटी) कमांडो दिनेश विश्नोई ने रविवार सुबह 11 बजे जोधपुर के एमडीएम अस्पताल में अंतिम सांस ली। पिछले चार दिन से दिनेश कुमार का इलाज चल रहा था। शव का मेडिकल बोर्ड से पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। ईआरटी के 10 जवानों की टीम 12 जून को उपराष्ट्रपति जगदीप धनकड़ के दो दिवसीय जैसलमेर दौरे को लेकर सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद करने के लिए एक गाड़ी में जोधपुर से जैसलमेर आ रही थी।




# भारत का घरेलू एसी बाजार 2028-29 तक 50,000 करोड़ रुपये का होगा : वोल्टास

एजेंसी | नई दिल्ली



भारत में घरेलू एयर कंडीशनर (रूम एसी) का बाजार वित्त वर्ष 2028-29 तक 12 प्रतिशत की सालाना दर से बढ़कर 50,000 करोड़ रुपये तक पहुंच सकता है। टाटा समूह की कंपनी वोल्टास ने अपनी हालिया वार्षिक रिपोर्ट में यह बात कही है। एसी की अग्रणी कंपनी वोल्टास ने कहा कि घरेलू और अग्रणी विदेशी कंपनियों की उपस्थिति के कारण भारतीय घरेलू एसी बाजार में प्रतिस्पर्धा 'तेज' हो गई है। बढ़ती गर्मी, बढ़ती खर्च योग्य आमदनी तथा उपभोक्ता वित्त तक आसान पहुंच के साथ बेहतर जीवनशैली की चाह जैसे कारकों से घरेलू एसी खंड की वृद्धि को बढ़ावा मिलने की संभावना है। वोल्टास ने कहा, 'भारतीय घरेलू एसी बाजार के 2028-29 तक 12 प्रतिशत की सालाना दर से बढ़कर 50,000 करोड़ रुपये तक पहुंचने की संभावना है।'

वोल्टास ने 2023-24 में 20 लाख से अधिक एसी बेचे। कंपनी के अनुसार, यह किसी भी ब्रांड द्वारा एक वर्ष में बेची गई एसी की अबतक की सबसे अधिक संख्या थी। कंपनी ने कहा, 'वोल्टास ने एक जनवरी, 2024 से 20 अप्रैल, 2024 तक मात्र 110 दिन की अवधि में 10 लाख एसी बेचे हैं।'इस सत्र में कई कंपनियों की एसी बिक्री अप्रैल और मई में दोगुना से अधिक हो गई है। भीषण गर्मी के दौरान पारा 45 डिग्री के आसपास पहुंचने के बीच बिक्री में जबर्दस्त उछाल देखने को मिला है। घरेलू एसी के अलावा, वाणिज्यिक एयर कंडीशनिंग (सीएसी) में भी प्रतिस्पर्धा बढ़ने जा रही है। अब अग्रणी विदेशी कंपनियों ने इस क्षेत्र पर ध्यान केंद्रित करना शुरू कर दिया है। इससे पहले, उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स एवं उपकरण विनिर्माता संघ ने कहा था कि इस साल उसे घरेलू एसी की रिकॉर्ड बिक्री की उम्मीद है, जिससे 2024 में वार्षिक बिक्री लगभग 1.4 करोड़ इकाई हो जाएगी।

# खादी प्राकृतिक पेंट्स को राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी से मिला प्रमाणन

एजेंसी | नई दिल्ली

खादी प्राकृतिक इमल्शन और डिस्टेंपर पेंट को सरकारी गुणवत्ता आश्वासन निकाय राष्ट्रीय परीक्षण शाला (एनटीएच) ने भारतीय मानक के अनुरूप प्रमाणित किया गया है। खाद्य एवं उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने रविवार को कहा कि एनटीएच द्वारा किए गए व्यापक परीक्षण ने पुष्टि की है कि इमल्शन पेंट कड़े बीआईएस 15489:2013 मानकों को पूरा करता है, जबकि डिस्टेंपर पेंट बीआईएस 428:2013 मानकों का अनुपालन करता है। खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) द्वारा निर्मित ये पेंट अनुप्रयोग गुणों, पतलापन, सूखने में लगने वाले




समय और सफाई के परीक्षण में सफल रहे।

मंत्रालय ने कहा कि ये पेंट चार घंटे से भी कम समय में सूख गए और एक समान तथा चिकनी फिनिश दी। उन्होंने कहा कि ये उत्पाद सफेद रंग में उपलब्ध हैं, जिन्हें अन्य रंगों में भी रंगा जा सकता है। बयान में कहा गया है कि पिछले वर्ष तीन लाख लीटर से अधिक पेंट और डिस्टेंपर बेचे गए। मंत्रालय ने हालांकि तुलनात्मक आंकड़े नहीं दिए। केवीआईसी एक वैधानिक निकाय है जो गांव आधारित उद्योगों को बढ़ावा देता है।

# आठ प्रमुख शहरों में मार्च तिमाही में सस्ते घरों की बिक्री चार प्रतिशत घटी : प्रॉपइक्विटी

एजेंसी | नई दिल्ली

देश के आठ प्रमुख शहरों में जनवरी-मार्च तिमाही में 60 लाख रुपये तक की कीमत वाले सस्ते यानी किफायती घरों की बिक्री चार प्रतिशत घटकर 61,121 इकाई रह गई है। रियल एस्टेट आंकड़ों का विश्लेषध करने वाली कंपनी प्रॉपइक्विटी के अनुसार, इसकी वजह कम आपूर्ति और लक्जरी अपार्टमेंट की अधिक मांग है। ये आठ प्रमुख शहर- राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र-दिल्ली, मुंबई महानगर क्षेत्र (एमएमआर), बेंगलुरु, हैदराबाद, चेन्नई, कोलकाता, पुणे और अहमदाबाद हैं। प्रॉपइक्विटी के आंकड़ों से पता चलता है कि पिछले कैलेंडर वर्ष की जनवरी-मार्च अवधि में 60 लाख रुपये तक की लागत वाले घरों की बिक्री 63,787 इकाई रही थी। बिक्री में इस गिरावट के लिए किफायती घरों की कम आपूर्ति प्रमुख कारण है। आंकड़ों के अनुसार, जनवरी-मार्च, 2024 के दौरान इन शीर्ष आठ शहरों में 60 लाख रुपये तक के नए घरों की आपूर्ति घटकर 33,420 इकाई रह गई, जो एक साल पहले इसी अवधि में 53,818 इकाई थी। प्रीमियम आवासीय संपत्तियों की बढ़ती मांग को भुनाने के लिए बिल्डर्स लग्जरी अपार्टमेंट पेश करने पर अधिक ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। लग्जरी परियोजनाओं में लाभ मार्जिन भी अधिक है। आंकड़ों के अनुसार, इस मूल्य श्रेणी में आवास की बिक्री, 2023 कैलेंडर वर्ष में घटकर 2,35,340 इकाई रह गई, जो इससे पिछले वर्ष 2,51,198 इकाई थी। साल 2019 में, 60 लाख रुपये तक की कीमत वाले घरों की बिक्री 2,26,414 इकाई रही थी। 2020 के कैलेंडर वर्ष में कोविड महामारी के बीच इस मूल्य श्रेणी में बिक्री घटकर 1,88,233 इकाई रह गई थी।

# भारतीय सीमा शुल्क के नाम पर धोखाधड़ी करने वालों से सतर्क रहें

एजेंसी | नई दिल्ली

केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने रविवार को जनता से भारतीय सीमा शुल्क विभाग के नाम पर धोखाधड़ी करने वालों से सतर्क रहने को कहा। सीबीआईसी ने बयान में कहा कि समाचार पोर्टल/सोशल मीडिया मंचों के माध्यम से विभिन्न घटनाएं सामने आई हैं, जिनमें फर्जी व्यक्तियों द्वारा भारतीय सीमा शुल्क अधिकारी बनकर देशभर में जनता से उनकी गाढ़ी कमाई ठगी गई है। ये धोखाधड़ी मुख्य रूप से फोन कॉल या एसएमएस जैसे डिजिटल माध्यमों का उपयोग करके की जाती है, और तत्काल




दंडात्मक कार्रवाई के 'कथित' डर के माध्यम से पैसा ऐंठने पर केंद्रित होती है।

जन जागरूकता के माध्यम से इस तरह की धोखाधड़ी का मुकाबला करने के लिए सीबीआईसी एक बहु-मॉडल जागरूकता अभियान चला रहा है जिसमें समाचार पत्रों में विज्ञापन, आम जनता के लिए एसएमएस/ई-मेल, सोशल मीडिया अभियान के अलावा सीबीआईसी के क्षेत्रीय कार्यालयों द्वारा जागरूकता अभियान शामिल है। सीबीआईसी ने जनता को सलाह दी है कि वह धोखेबाजों की कार्यप्रणाली को समझकर, अपनी जानकारी को सुरक्षित रखकर, कॉल करने वाले के पिछले इतिहास की पुष्टि करके और सतर्क रहकर ऐसे कृत्यों की रिपोर्ट से ऐसे घोटालों का शिकार बनने से खुद को बचा सकती है। धोखेबाजों द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले कुछ आम तौर-तरीके फर्जी कॉल/ एसएमएस हैं। धोखेबाज कूरियर अधिकारी/ कर्मचारी बनकर कॉल, टेक्स्ट मैसेज या ईमेल के जरिये अनजान लोगों को निशाना बनाते हैं। वे दावा करते हैं कि सीमा शुल्क विभाग ने कोई पैकेज या पार्सल रोक रखा है और उसे छोड़ने से पहले सीमा शुल्क या करों का भुगतान करना होगा। फिर ये धोखेबाज सीमा शुल्क/ पुलिस/सीबीआई अधिकारी बनकर किसी विदेशी देश से प्राप्त पैकेज/उपहार के लिए सीमा शुल्क/निकासी शुल्क का भुगतान करने की मांग करते हैं। लक्षित व्यक्तियों से उनके सामान को छुड़ाने के लिए भुगतान करने के लिए कहा जाता है।

# सुपर आठ में जगह बनाने मैदान में उतरेगा बांग्लादेश

एजेंसी । किंग्सटाउन

टी20 विश्व कप के ग्रुप डी में बांग्लादेश और नेपाल के बीच मैच खेला जाना है। इस मैच में बांग्लादेश अपने कमजोर पक्षों को काबू में रखकर मैदान में उतरेगा। टीम का लक्ष्य सोमवार को नेपाल को हराकर सुपर आठ में अपनी जगह पक्की करना होगा। बांग्लादेश के चार अंक हैं और उसका अगले दौर में पहुंचना लगभग तय है लेकिन उसे नेपाल से सतर्क रहने की जरूरत है जिसने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पिछले मैच में अच्छा प्रदर्शन किया था। नेपाल की टीम भले ही अभी तक एक भी मैच नहीं जीत पाई है और सुपर 8 में जगह बनाने की दौड़ से बाहर हो चुकी है लेकिन जिस तरह से वह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एक समय उलटफेर करने की स्थिति में पहुंच चुकी थी, उससे उसके खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ा होगा।

## नेपाल से होगी भिड़ंत






बांग्लादेश अगर इस मैच में बड़े अंतर से हार जाता है और नीदरलैंड की टीम श्रीलंका के खिलाफ बड़ी जीत हासिल करती है तो फिर समीकरण बदल जाएंगे। वैसे इसकी संभावना कम है लेकिन यह नहीं भूलना चाहिए कि इस टूर्नामेंट में कुछ चौंकाने वाले परिणाम आए हैं।

### टीम इस प्रकार हैं

**बांग्लादेश :** नजमुल हुसैन शंटो (कप्तान), तस्कीन अहमद, लिटन दास, सौम्या सरकार, तंजीद हसन तमीम, शाकिब अल हसन, तौहीद हृदय, महमूद उल्लाह रियाद, जैकर अली अनिक, तनवीर इस्लाम, शाक महेदी हसन, रिशाद हुसैन, मुस्तफिजुर रहमान, शोरफुल इस्लाम, तंजीम हसन साकिब। यात्रा करने वाले रिजर्व : अफिफ हुसैन, हसन महमूद।

**नेपाल :** रोहित पौडेल (कप्तान), आसिफ शेख, अनिल कुमार साह, कुशल भुर्टेल, कुशल मल्ला, दीपेंद्र सिंह ऐरी, ललित राजबंशी, करण केसी, गुलशन झा, सोमपाल कामी, प्रतिस जीसी, संदीप जोरा, अविनाश बोहरा, सागर ढकाल और कमल सिंह ऐरी।


मैच भारतीय समयानुसार सुबह 5 :00 बजे शुरू होगा।

# पापुआ न्यू गिनी के खिलाफ शानदार फॉर्म में दिखेगी न्यूजीलैंड टीम !

## बड़ी जीत के साथ खत्म करना चाहेगी अपना अभियान

एजेंसी । टरूबा

टी20 विश्व कप 2024 से न्यूजीलैंड पहले ही सुपर 8 की दौड़ से बाहर हो चुकी है। ऐसा पिछले 10 सालों में पहली बार हुआ है, जब टीम सेमीफाइनल तक क्या इसके आसपास भी नहीं पहुंच पाई। ऐसे में अब न्यूजीलैंड टीम अपने लीग स्टेज के आखिरी मुकाबले में जो पापुआ न्यू गिनी के खिलाफ है, उसमें बड़ी जीत दर्ज करके टी20 विश्व कप में अपने अभियान का समापन करने के लिए उतरेगी। न्यूजीलैंड का आईसीसी की प्रतियोगिताओं में अच्छा प्रदर्शन रहा है लेकिन यहां उसने शुरू में लचर प्रदर्शन किया जिसके कारण वह सुपर आठ में जगह बनाने की दौड़ से बाहर हो गया। न्यूजीलैंड की टीम के लिए यह मैच इसलिए महत्वपूर्ण बन गया है क्योंकि उसके तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट ने पुष्टि कर दी है कि यह टी20 विश्व कप में उनका आखिरी मैच होगा। ऐसे में केन विलियमसन की अगुवाई वाली टीम अपने इस तेज गेंदबाज को जीत से विदाई देना चाहेगी। पापुआ न्यू गिनी की टीम ने अभी तक अपने तीनों मैच गंवाए हैं और अगर उसकी टीम न्यूजीलैंड के सामने थोड़ा भी चुनौती पेश करती है तो यह उसके लिए काफी मायने रखेगा।






### टीम इस प्रकार हैं

**न्यूजीलैंड :** केन विलियमसन (कप्तान), फिन एलन, ट्रेंट बोल्ट, माइकल ब्रेसवेल, मार्क चैपमैन, डेवोन कॉनवे (विकेट कीपर), लॉकी फर्ग्यूसन, मैट हेनरी, डेरिल मिशेल, जिमी नीशम, ग्लेन फिलिप्स (विकेट कीपर), रचिन रवींद्र, मिशेल सेंटनर, ईश सोढ़ी, टिम साउथी।

**पापुआ न्यू गिनी :** असदुल्ला वाला (कप्तान), एली नाओ, चाड सोपर, सीजे अमिनी, हिला वेरे, हिरी हिरी, जैक गार्डनर, जॉन कारिको, कबुआ वागी मोरिया, किपलिंग डोरिगा (विकेट कीपर), लेगा सियाका, नॉर्मन वनुआ, सेमा कामिया, सेसे बाउ, टोनी उरा।

मैच भारतीय समयानुसार रात 8 :00 बजे शुरू होगा।

एशियाई टीम स्क्वाश चैम्पियनशिप

# भारतीय महिला टीम पांचवें और पुरुष टीम छठे स्थान पर रहीं



एजेंसी । नई दिल्ली

भारतीय महिला टीम चीन के डालियान में रविवार को समाप्त हुई एशियाई टीम स्क्वाश चैम्पियनशिप में पांचवें जबकि पुरुष टीम छठे स्थान पर रही। भारतीय महिला टीम ने क्वालीफिकेशन मैच में ईरान को 2-0 से हराकर पांचवां स्थान हासिल किया। भारत के लिए रथिका सुथांथिरा सीलन और पूजा आरती रघु ने जीत दर्ज की। वहीं भारतीय पुरुष टीम को पांचवें स्थान के क्वालीफिकेशन मैच में दक्षिण कोरिया से 1-2 से हार मिली।

वेलावन सेंथिलकुमार ने जीत हासिल की। पर सूरज कुमार चंद और ओम सेमवाल को पराजय झेलनी पड़ी।

# रोहित-कोहली बड़े मैच में दिखाएंगे दम !

एजेंसी । नई दिल्ली

टी20 विश्व कप 2024 में भारत भले ही सुपर 8 में पहुंच गया है, लेकिन टीम के स्टार खिलाड़ियों का फॉर्म चिंता का विषय बना हुआ है। खासकर विराट कोहली इस टूर्नामेंट में अब तक कुछ खास नहीं कर पाए हैं। साथ ही कप्तान रोहित शर्मा का भी फॉर्म ज्यादा अच्छा नहीं है। ऐसे में अब भारत के पूर्व बल्लेबाज संजय मांजरेकर का मानना है कि अगर ये दोनों दिग्गज खिलाड़ी टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल या फाइनल जैसे बड़े मैचों में निर्णायक पारी खेलते हैं तो ग्रुप चरण में उनका प्रदर्शन खास मायने नहीं रखेगा। कोहली ने टूर्नामेंट में अभी तक जो तीन मैच खेले हैं उनमें वह दोहरे अंक में नहीं पहुंच पाए। रोहित ने आयरलैंड के खिलाफ अर्धशतक लगाया लेकिन पाकिस्तान और अमेरिका के खिलाफ उनका बल्ला नहीं चल पाया। मांजरेकर ने पीटीआई से कहा, 'अगर आपने रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे खिलाड़ियों का चयन किया है, तो आपने अनुभव को प्राथमिकता दी है। आप अपने अनुभवी खिलाड़ियों को विश्व




कप में ले जाना चाहते हैं, ताकि वे तब अच्छा प्रदर्शन करें, जब वास्तव में इसकी जरूरत हो।' उन्होंने कहा,'इसलिए मुझे इसको लेकर कोई परेशानी नहीं है कि इनमें से कुछ खिलाड़ी फॉर्म में नहीं हैं। अगर यह खिलाड़ी सेमीफाइनल या फाइनल में निर्णायक पारी खेलकर टीम को विजेता बनाते हैं तो आपके सीनियर खिलाड़ियों से इसी तरह के प्रदर्शन की अपेक्षा की जाती है।' भारत की तरफ से 37 टेस्ट और 74 वनडे मैच खेलने वाले मांजरेकर ने कहा, 'अगर आपका कोई युवा खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन करता है तो वह आपके लिए बोनस है जैसा 1992 के विश्व कप में पाकिस्तान के लिए इंजमाम उल हक ने किया था। सीनियर खिलाड़ियों को अधिक योगदान देना चाहिए और मुझे लगता है कि यही वजह है कि चयन समिति ने टी20 विश्व कप के लिए अनुभव को प्राथमिकता दी।' शिवम दुबे ने आईपीएल में अपने शानदार प्रदर्शन के दम पर भारतीय टीम में जगह बनाई लेकिन वह विश्व कप में अभी तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं लेकिन मांजरेकर को इस ऑलराउंडर से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद है।

उन्होंने कहा, 'हमें इसके लिए इंतजार करना होगा कि शिवम दुबे ने आईपीएल में जिस तरह से स्पिनरों के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया था, उसे दोहरा पाते हैं या नहीं। विश्व कप में स्पिनरों के खिलाफ खेलना आसान नहीं है और देखना होगा की दुबे इन पिचों पर सफल होने के लिए अपने खेल में किस तरह से बदलाव करते हैं।' मांजरेकर को उम्मीद नहीं थी कि ऋषभ पंत को तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए भेजा जाएगा लेकिन आखिर में यह अच्छा फैसला साबित हुआ।

# यूटीटी 2024 से पहले फ्रेंचाइजी ने शरत कमल और मनिका को 'रिटेन' किया

**नई दिल्ली।** भारत के अनुभवी टेबल टेनिस खिलाड़ी अचंता शरत कमल और मनिका बत्रा को रविवार को उनकी फ्रेंचाइजी ने 22 अगस्त से सात सितंबर तक चेन्नई में होने वाली अल्टीमेट टेबल टेनिस (यूटीटी) के आगामी चरण के लिए 'रिटेन' (बरकरार रखा) किया। शरत कमल इस तरह पिछले चरण की उपविजेता चेन्नई लायंस के लिये खेलना जारी रखेंगे जबकि मनिका बेंगलुरु स्मैशर्स के लिए खेलेंगी। गत चैम्पियन गोवा चैलेंजर्स ने हरमीत देसाई को 'रिटेन' किया है जबकि जी साथियान दबंग दिल्ली टीटीसी के साथ बने रहेंगे। यू मुंबा टीटी ने भी युवा खिलाड़ी मानव ठक्कर को एक और सत्र के लिये बरकरार रखा है। यह चरण पहली बार आठ टीमों के बीच खेला जायेगा जो पहले छह टीम का हुआ करता था। इसमें अहमदाबाद एसजी पाइपर्स और जयपुर पैट्रियोट्स की टीम नयी हैं। टूर्नामेंट के नियमों के अनुसार छह मौजूदा फ्रेंचाइजी एक भारतीय खिलाड़ी को 'रिटेन' कर सकती थीं। पुणेरी पल्टन टीटी ने किसी भी खिलाड़ी को 'रिटेन' नहीं किया। जयपुर और अहमदाबाद की टीम 'प्लेयर ड्राफ्ट' के शुरुआती दौर में अपनी पसंद का एक खिलाड़ी चुन सकती हैं।




# मुझे लगता है कि मैं अकेले रोने वाली हूं : अवनीत कौर



डांस रियलिटी शो 'डांस इंडिया लिटिल मास्टर' से शोबिज में अपनी शुरुआत करने वाली अवनीत कौर टीवी के बाद अब बॉलीवुड में भी एंट्री कर चुकी हैं। नवाजुद्दीन सिद्दीकी के साथ फिल्म 'टीकू वेड्स शेरू' से अवनीत कौर ने फिल्मों की दुनिया में कदम रखा था और अब उनकी एक और फिल्म रिलीज हो चुकी है। साल की अवनीत कौर की हाल ही में रोमांटिक कॉमेडी 'लव की अरेंज मैरिज' में सनी सिंह के साथ देखा गया। ये फिल्म जी5 पर स्ट्रीम की गई है। ऐसे में फिल्म के प्रमोशन के दौरान एक्ट्रेस ने अपनी शादी की अफवाहों पर चुप्पी तोड़ी है।

### 'शांत रहें और थोड़ा और इंतजार करें'

अवनीत कौर ने हाल ही में अपनी शादी की अफवाहों को लेकर चुप्पी तोड़ी और बेहद ही मजाकिया अंदाज में इसका जवाब दिया। एक्ट्रेस का कहना है कि फिलहाल के लिए उनकी शादी की कोई योजना नहीं है। मीडिया से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा, 'अब ये एक सवाल मुझसे कई बार पूछा जा चुका है, मुझे नहीं पता कि हर कोई मेरी शादी को लेकर इतना परेशान क्यों है? मैं बता दूं, मेरी शादी में अभी बहुत समय है। इसलिए शांत रहें और थोड़ा और इंतजार करें'।


### 'मुझे लगता है कि मैं अकेले रोऊंगी'

लव या फिर अरैंज मैरीज को लेकर अवनीत कौर ने आगे कहा, 'मैं पर्सनली लव मैरिज में विश्वास रखती हूं, लेकिन अगर मुझे लव मैरिज के लिए अपने माता-पिता का आशीर्वाद मिल जाए, तो ये अरेंज और लव मैरिज बन जाएगा। मैं भी कुछ ऐसा ही चाहती हूं, और अगर मुझे ये नहीं मिलता है, तो मुझे लगता है कि मैं अकेले रोने वाली हूं'। अवनीत कौन ने 22 साल की उम्र में अपने करियर की लिस्ट में से कई चीजें हासिल की हैं, जिनमें से एक आइकॉनिक 'कान फिल्म फेस्टिवल' हैं। अवनीत पेहली एक्ट्रेस हैं, जिन्होंने बेहद कम उम्र में कान्स के रेड कार्पेट पर कदम रखा।

# 'फादर्स डे' के मौके पर वरुण धवन ने शेयर की अपनी बेटी की खास तस्वीर

जीवन में पिता के प्रति सम्मान प्रकट करने का विशेष दिन 'फादर्स डे'। 'फादर्स डे' के मौके पर कई लोग अपने पिता के साथ अपनी तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर कर रहे हैं। इसी तरह बॉलीवुड सेलिब्रिटीज से लेकर सभी अपने पिता के साथ तस्वीरें शेयर कर रहे हैं। हाल ही पिता बने बॉलीवुड एक्टर वरुण धवन ने 'फादर्स डे' के मौके पर बेटी के साथ एक खास फोटो शेयर की है।

'फादर्स डे' के मौके पर वरुण ने बेटी की एक खास फोटो शेयर की है। इस फोटो में वरुण का हाथ उनकी लाडली ने कसकर पकड़ा हुआ नजर आ रहा है। वरुण ने फोटो को कैप्शन दिया, 'हैप्पी फादर्स डे। मेरे पिता ने मुझे सिखाया कि इस दिन को मनाने का सबसे अच्छा तरीका बाहर जाना और अपने परिवार के साथ रहना है। इसलिए मैं यही करूंगा। एक बेटी का पिता बनना सबसे खुशी की बात है। इन तस्वीरों पर वरुण के फैंस ने लाइक्स और कमेंट्स की बौछार कर दी है।





वरुण धवन और नताशा दलाल ने 4 जून को मुंबई के हिंदुजा अस्पताल में अपनी बेटी का स्वागत किया। इसके अलावा मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक वरुण ने को-एक्टर ऋतिक रोशन का मुंबई के जुहू में स्थित आलीशान सी-फेसिंग घर किराए पर लेने का फैसला किया है। वरुण जल्द ही एटली की 'बेबी जॉन' में नजर आएंगे। इसके अलावा वरुण स्त्री-2 में भी नजर आएंगे।

# श्रेयस तलपड़े ने की कार्तिक आर्यन की तारीफ

कार्तिक आर्यन का फिल्म 'चंदू चैंपियन' और उनके काम की काफी सराहना हो रही है। लोकप्रिय और बहुप्रतीक्षित फिल्म 'चंदू चैंपियन' आख़िरकार शुक्रवार 14 जून को रिलीज़ किया गया। यह भारत के पहले पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता मुरलीकांत पेठकर के जीवन पर आधारित है इस फिल्म में कार्तिक ने मुरलीकांत का किरदार निभाया है। इस फिल्म में अभिनेता श्रेयस तलपड़े ने बायोपिक में पुलिस इंस्पेक्टर सचिन कांबले की भूमिका निभाई है। श्रेयस तलपड़े ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो



शेयर किया है। जिसमें श्रेयस एक पुलिसवाले की भूमिका में नजर आ रहे हैं। श्रेयस तलपड़े ने पोस्ट में लिखा कि, 'मुझे हाल ही में रिलीज हुई मुरलीकांत पेठकर की बायोपिक 'चंदू चैंपियन' में पुलिस इंस्पेक्टर सचिन कांबले की भूमिका निभाने का बड़ा सम्मान मिला है। जब निर्देशक कबीर खान ने मुझे फिल्म की कहानी बताई, तो मुझे पहले तो आश्चर्य हुआ कि हमारे महाराष्ट्र में कई लोग इस वास्तविक जीवन के चैंपियन के बारे में नहीं जानते हैं। मुझे पुलिस इंस्पेक्टर सचिन कांबले की भूमिका देने के लिए निर्देशक कबीर भाई को मेरा हार्दिक धन्यवाद।' श्रेयस ने आगे लिखा, 'इस भूमिका के लिए मेरे नाम पर विचार करने के लिए कास्टिंग डायरेक्टर को बहुत-बहुत धन्यवाद।



# मेरी दादी चैंपियन हैं : सारा अली खान

एक्ट्रेस सारा अली खान का अंदाज फैंस को काफी पसंद आता है। एक्ट्रेस की एक्टिंग के साथ-साथ जिस तहर से वो लोगों से पेश आती है, अपने इंटरव्यू में बातचीत करती है, हर कोई बस यही कहता है कि सारा बिना किसी डर और हिचक के सबकुछ बोल देती है। अब हाल ही में सारा ने एक मैगजीन को इंटरव्यू दिया, जिसमें उन्होंने अपनी दादी दिग्गज एक्ट्रेस शर्मिला टैगोर को परपंरा और आधुनिकता का बेमिसाल संगम कहा। सारा अली खान ने खुलासा किया कि उनकी दादी शर्मिला टैगोर उन्हें लड़कों के बारे में 'अच्छी सलाह' देती हैं।

### 'मेरी दादी एक चैंपियन हैं'

शर्मिला टैगोर के बारे में बात करते हुए सारा अली खान (Sara Ali Khan) ने कहा, 'मेरी दादी मेरी इकलौती जीवित ग्रैंडपेरेंट हैं। वह हम सभी के लिए एक आवाज हैं और मुझे लगता है कि जब चीजें कठिन हो जाती हैं, जैसा कि उन्होंने 2020 में मेरे जीवन हुआ था। वह एक समय था, जो मेरे लिए बहुत अच्छा नहीं था। उस वक्त मेरे पिता मेरे लिए थे। और वह मेरी मां और भाई के लिए भी हैं। बेशक, वह मेरे पिता के लिए भी हैं। वह मुझे मेरी पारंपरिक जड़ों से जोड़ती हैं। वह आधुनिकता की आवाज भी हैं। जब लड़कों, फिल्मों और सामाजिक जीवन की बात आती है तो वह मुझे अच्छी सलाह भी देती हैं। वह एक चैंपियन हैं।'

### ट्रोलिंग को लेकर बोलीं सारा

सोशल मीडिया और ट्रोलिंग को लेकर सारा अली खान ने कहा, 'मुझे लगता है कि आपको अपने अंदर से विश्वास रखना होगा, क्योंकि हर कोई आपको नीचे गिराने की कोशिश करता है। खासकर अगर आप उन्हें ऐसा करने का अवसर देते हैं। सोशल मीडिया पर यह सबसे ज्यादा होता है, लेकिन आप यकीन करिए मुझे ट्रोलिंग से जरा भी परेशानी नहीं होती है। मैं मानती हूं जो हो रहा है उससे भी बुरा कुछ हो सकता है, इसलिए किसी भी हालात में परेशान नहीं होना चाहिए। एक और अहम बात जो मैं मानती हूं कि अगर आप अभिनेता हैं और आपके बारे में कोई बात ही नहीं हो रही है तो आपका पूरा वजूद ही बेकार हो जाता है।

# दिल्ली में पानी किल्लत के लिए कौन जिम्मेदार?

## बीजेपी ने 14 जगहों पर केजरीवाल के खिलाफ प्रदर्शन किया, कई जगहों पर पथराव भी

**एजेंसी | नई दिल्ली**

दिल्ली में पानी को लेकर हाहाकार मचा है। दिल्ली के लोगों में आक्रोश और पानी के टैंकरों के पीछे लंबी कतार है। ऐसे में यह सवाल उठता है कि दिल्ली को इस हाल तक पहुंचाने के लिए जिम्मेदार कौन है? एक ओर पानी की किल्लत को लेकर रविवार को बीजेपी ने 14 जगहों पर केजरीवाल के खिलाफ प्रदर्शन किया। इस दौरान महिलाओं ने छतरपुर में दिल्ली जल बोर्ड के ऑफिस पर पथराव भी किए। उनका यह भी आरोप है कि सीएम केजरीवाल टैंकर माफियों को सह दे रही है। वहीं आप की सरकार ने इसका ठीकरा पड़ोसी राज्य हरियाणा पर फोड़ा है। टैंकर माफियों को लेकर उनका कहना है कि इसका संचालन दिल्ली से नहीं बल्कि हरियाणा से होता है। जिसकी वजह से वो कुछ नहीं कर सकते हैं। साथ ही उन्होंने पड़ोसी राज्यों पर आरोप लगाते हुए कहा कि मुनक नहर के बंद कर देने की वजह से यह समस्या बढ़ती चली गई। उन्होंने इस मामले में यमुना बंटवारे को अहम वजह माना है।



### कांग्रेस ने सहयोगी पार्टी आप पर लगाया आरोप

इसके अलावा एक दूसरे के साथ कदम से कदम मिलाकर लोकसभा चुनाव लड़ रही कांग्रेस पार्टी ने इसका आरोप अपनी सहयोगी पार्टी आप पर लगाया है। पानी किल्लत की शिकायत को लेकर कांग्रेस पार्टी की ओर से जगह-जगह पर आम आदमी पार्टी के खिलाफ मटका फोड़ प्रदर्शन किया गया। दिल्ली की हालत अब ऐसी हो गई है कि पानी के टैंकर के पहुंचने के बाद भी लोगों को पूरा पानी नहीं मिल पा रहा है। सभी पार्टियां एक दूसरे पर इस समस्या का आरोप लगा रही है।

### 3 दशकों से दिक्कत

बता दें कि यह समस्या आज से नहीं बल्कि 3 दशकों से चली आ रही है। यमुना नदी से दिल्ली, हरियाणा, उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश को पानी मिलता है। सबी राज्य अपने मुताबिक पानी का उपयोग करते हैं। इस समस्या को लेकर 1994 में ऊपरी यमुना नदी बोर्ड (यूवाईआरबी) का गठन किया गया था। जिसके बाद 1996 में सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली को अतिरिक्त पानी का हकदार बताया था। 2003 से 2012 के बीच हरियाणा सरकार द्वारा मुनक नहर का निर्माण किया गया। हालांकि दिल्ली की ओर से भी लगभग 450 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता दी गई।

### हरियाणा ने दिल्ली में पानी भेजने से किया मना

विवाद तब शुरु हुआ जब मुख्यमंत्री भूपिंदर सिंह हुड्डा ने हरियाणा में जल संकट की घोषणा करते हुए मुनक नहर के माध्यम से बचाए गए पानी को दिल्ली भेजने से मना कर दिया। अब ऐसे समय पर यह कह पाना काफी मुश्किल है कि इसके लिए कौन जिम्मेदार है। लेकिन इस बात में कोई दो राय नहीं कि इसकी वजह से दिल्ली की जनता को सड़क पर आना पड़ गया। देश में पानी चोरी की नौबत आ चुकी है।

# गुजरात में रुका मानसून

## MP में 3 दिन बाद पहुंचेगा : नॉर्थ-ईस्ट में बारिश का रेड अलर्ट

**वाराणसी में हीटवेव से विदेशी टूरिस्ट सहित 3 की मौत**

**एजेंसी | नई दिल्ली**

मध्य प्रदेश, राजस्थान में प्री-मानसून एक्टिविटी जारी है। वहीं, गुजरात में चार दिन पहले एंट्री लेने के बाद मानसून रुक गया है। बीते दो दिनों में एमपी-राजस्थान के 10 जिलों में बारिश हुई। मौसम विभाग के मुताबिक, 10-14 जून के बाद से मानसून कमजोर हुआ है, जिसके चलते मध्यप्रदेश में मानसून आने में देरी हो रही है। MP और अन्य राज्यों में इसकी 18-19 जून तक एंट्री होने की संभावना है। पश्चिम बंगाल समेत नॉर्थ-ईस्ट के राज्यों (नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा, असम, मेघालय, सिक्किम) में आज यानी 16 जून से 19 जून तक बारिश का रेड अलर्ट जारी किया गया है। इन राज्यों में 64 से 115 मिमी बारिश हो सकती है। साथ ही 30-40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चल सकती है। गरज के साथ बिजली के चमकने का भी अनुमान है।



### वाराणसी में हीटवेव से 3 की मौत

उधर, बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश, हरियाणा और पंजाब में हीटवेव का दौर जारी है। वाराणसी में गर्मी से महिला पर्यटक समेत 3 लोगों की मौत हो गई। पंजाब के अबोहर में शनिवार को पारा 47 .1C और दिल्ली में पारा 46C रहा। IMD के मुताबिक, इन राज्यों समेत बिहार और झारखंड में 18 जून तक सीवियर हीटवेव का असर बना रहेगा। वहीं, एमपी, यूपी, राजस्थान, ओडिशा, हिमाचल प्रदेश, पश्चिम बंगाल में भी 17 जून तक हीटवेव चलेगी।

### सिक्किम सीएम ने मंगन का दौरा किया

सिक्किम के सीएम प्रेम सिंह तमांग ने शनिवार को मंगन में तेज बारिश के बाद बिगड़ी स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने मंगन में 6 लोगों के मारे जाने पर दुख जताया। माजुवा में भी लैंडस्लाइड के कारण 3 लोग मारे गए और कई घायल हुए। कई घर भी क्षतिग्रस्त हुए, 67 परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। सीएम ने कहा कि हमने केंद्र सरकार से मदद मांगी है। लैंडस्लाइड के कारण रास्ते बंद हैं, ऐसे में खाने-पीने का सामान महंगा हो गया है। हम लोगों की मदद कर रहे हैं। मृतकों के परिवार को 5 लाख रुपए मुआवजा दिया जाएगा। जिन लोगों के घर क्षतिग्रस्त हुए हैं, उनके घर बनवाए जाएंगे।

# CM चंपई सोरेन ने दी फ्री बिजली की सौगात!

## 71 योजनाओं के उद्घाटन के साथ किया एलान

**एजेंसी | सरायकेला**

सरायकेला के राजनगर प्रखंड के मातकमबेड़ा में लोकसभा चुनाव के बाद पहली बार मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन पहुंचे तथा 71 करोड़ की योजनाओं का उद्घाटन तथा 235 करोड़ की योजनाओं का शिलान्यास किया। उन्होंने इस मौके पर कहा कि अब सरकार 200 यूनिट बिजली फ्री करने जा रही है। साथ ही फिर से अबुआ आवास के लिए आवेदन का कार्य प्रारंभ होगा। अबुआ आवास में तीन कमरा, एक किचन, एक बरामदा तथा एक शौचालय संलग्न रहेगा।



### 25 जून से महिलाओं को मिलेगी पेंशन

मुख्यमंत्री ने घोषणा की 49 वर्ष से अधिक की उम्र की महिलाओं को 25 जून से पेंशन देने का कार्य प्रारंभ करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि शुरू से ही गठबंधन की सरकार को भाजपा ने सरकार को स्थिर से रहने नहीं दिया।

### भाजपा पर बोला हमला

हर समय अस्थिर करने के कारण ढूंढते रही भाजपा। आखिरकार चार साल बाद भाजपा अपने मंसूबे में कामयाब होते दिखी। युवा मुख्यमंत्री को झूठा आरोप से जेल में पहुंचा दिया। भाजपा ने यहां के आदिवासी मूलवासी को ठगने का कार्य किया। सारंडा जंगल के गांवों में दिखने लगा है सरकारी योजनाओं का लाभ। शहीद परिवार का गांव मातकमबेडा की पहचान आदर्श ग्राम के रूप में विकसित होगी। इसका पूरा प्लान तैयार कर लिया गया है। यह गांव पूरी नशापान से मुक्त होगा। उन्होंने कहा कि राजनगर प्रखंड में एक दिन भी सुखाड़ नहीं होगा।

# मोदी के जम्मू-कश्मीर दौरे से पहले शाह की मीटिंग

## कहा- आतंकवाद को कुचलें, मददगारों को भी न बख्शें




**एजेंसी | नई दिल्ली**

गृह मंत्री अमित शाह दिल्ली में रविवार 16 जून को जम्मू-कश्मीर की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर मीटिंग की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि आतंकवाद को कुचलें और आतंकियों की मदद करने वालों पर भी सख्ती बरतें। शाह ने यह भी कहा कि जम्मू-कश्मीर में सभी तीर्थस्थलों और पर्यटन स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था और बढ़ाई जाए। 21 जून को योग दिवस के कार्यक्रम के लिए प्रधानमंत्री मोदी 20 जून को श्रीनगर जा रहे हैं। 29 जून से अमरनाथ यात्रा भी शुरू हो रही है। इसे देखते हुए शाह ने अधिकारियों से यात्रा रूट और नेशनल हाईवे पर अतिरिक्त बलों की तैनाती करने कहा है।

### अमरनाथ यात्रा की सुरक्षा पर रहा फोकस

मीटिंग के दौरान गृह मंत्री शाह का पूरा फोकस अमरनाथ यात्रा की सुरक्षा पर रहा। पिछले साल 4 .28 लाख से ज्यादा तीर्थयात्री अमरनाथ यात्रा पर आए थे। इस बार यह आंकड़ा पांच लाख तक जा सकता है। यह कहा जा रहा है कि इस बार सभी तीर्थयात्रियों को स्पेशल कार्ड दिए जा सकते हैं, ताकि उनकी असली लोकेशन का पता लगाया जा सके। इसके अलावा सभी को 5 लाख रुपए का बीमा कवर दिया जा सकता है। सूत्रों ने कहा कि तीर्थयात्रियों को ले जाने वाले प्रत्येक जानवर के लिए 50 हजार का बीमा कवर भी होगा। शाह ने एयरपोर्ट और रेलवे स्टेशन से बेस कैंप तक सभी तीर्थयात्रियों की सुरक्षा पर जोर दिया है।

### यात्रा के लिए 500 कंपनियां तैनात होंगी

अमरनाथ यात्रा 29 जून से शुरू हो रही है। इस बार अमरनाथ यात्रा 52 दिन की होगी। यात्रा से पहले केंद्र ने जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा बढ़ाने के लिए केंद्रीय सुरक्षाबलों की 500 कंपनियों को घाटी में तैनात करने का3 फैसला लिया है। सूत्रों के मुताबिक CRPF, BSF, ITBP और CISF समेत केंद्रीय सशस्त्र सुरक्षा बल की 500 कंपनियों को अमरनाथ यात्रा के रूट पर तैनात किया जाएगा।

# कर्नाटक में पेट्रोल-डीजल को लेकर दिए बयान पर आज विरोध





**एजेंसी | नई दिल्ली**

पेट्रोल और डीजल के दामों में की गई बढ़ोतरी से सियासी घमासान मच गया है। एक तरफ भाजपा ने राज्यव्यापी विरोध प्रदर्शन करने की धमकी दी है तो वहीं अब राज्य के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कांग्रेस सरकार के इस कदम का बचाव किया। दरअसल, शनिवार को कांग्रेस सरकार ने पेट्रोल में 3 रूपये और डीजल की कीमत में 3.02 रुपये की बढ़ोतरी की है। पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी के एक दिन बाद अब सिद्धारमैया ने सफाई दी है कि कर्नाटक में पेट्रोल की कीमत देश के कई अन्य राज्यों की तुलना बेहद कम है। लोकसभा चुनाव के बाद कर्नाटक में ईंधन की कीमतों में बढ़ोतरी पर विवाद के बाद सिद्धारमैया ने भाजपा पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि उसने अपने संसाधनों को दूसरे राज्यों में लगा दिया है।

# BJP को कमजोर करने के लिए I.N.D.I.A के साथी दल ने बनाई अलग नीति, दिल्ली में तुरंत दिखेगा असर

**एजेंसी | पटना**

भाकपा माले की केंद्रीय कमेटी की दो दिवसीय बैठक रविवार में संपन्न हो गई। इसमें 17 प्रस्ताव पारित किए गए। बैठक को संबोधित करते हुए माले के महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य ने कहा कि मोदी सरकार की तानाशाही और भाजपा की पूर्ण राजनीतिक वर्चस्व कायम करने की कोशिशों के खिलाफ सभी राजनीतिक दलों को एकजुट करने का प्रयास जारी रहेगा।

लोकसभा चुनाव में माले के नवनिर्वाचित सांसद राजाराम सिंह और सुदामा प्रसाद समेत वाम दलों के जीते आठ सांसद जनता की आवाज को संसद में पहुंचाएंगे। बैठक में लोकतंत्र समर्थक ताकतों को एनडीए के खिलाफ व्यापक एकता बनाने का प्रस्ताव पारित किया गया। एनटीए द्वारा नीट परीक्षा में गड़बड़ी की शिकायतों की जांच नहीं कराने के खिलाफ माले केंद्रीय कमेटी ने संघर्ष जारी रखने का प्रस्ताव पारित किया





गया। कमेटी ऐसे दमनकारी कानूनों के खात्मे तथा सभी राजनीतिक बंदियों की रिहाई के लिए संघर्ष जारी रखने का प्रस्ताव पारित किया गया। किसानों के लिए एमएसपी की गारंटी के लिए कानून, पूर्ण कर्ज माफी, बिजली का निजीकरण रद्द करने, उत्पादन की लागत को कम करने संबंधी प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक में दीपंकर भट्टाचार्य, वरिष्ठ पार्टी नेता स्वदेश भट्टाचार्य, सांसद राजाराम सिंह, राज्य सचिव कुणाल, विधान पार्षद शशि यादव, वी. शंकर, गीता मंडल, धीरेन्द्र झा सहित झारखंड, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, तमिलनाडु, असम, उत्तरप्रदेश, दिल्ली, पंजाब, राजस्थान, कर्नाटक समेत अन्य राज्यों से पार्टी के नेताओं ने भाग लिया।

**राजकोट गेम जोन अग्निकांड**

# RMC कर्मियों ने बैक डेट एंट्रियां कर जालसाजी की रची साजिश

**एजेंसी | राजकोट**

गुजरात के राजकोट गेम जोन अग्निकांड मामले में पुलिस ने नया खुलासा किया है। पुलिस जांच में इस बात का खुलासा हुआ है कि गिरफ्तार नगर निगम कर्मियों ने कथित तौर पर सबूत नष्ट करने और गिरफ्तारी से बचने के लिए घटना के एक दिन बाद पिछली तारीख से एंट्रियां करके दस्तावेजों में जालसाजी की साजिश रची थी। गौरतलब है कि गुजरात के राजकोट में 25 मई को टीआरपी गेम जोन में भीषण अग्निकांड में 27 लोगों की मौत हो गई थी। पुलिस ने इस सिलसिले में अब तक राजकोट नगर निगम (आरएमसी) के छह कर्मचारियों को गिरफ्तार किया है। मामले की जांच कर रहे एक पुलिस अधिकारी ने शुक्रवार को अतिरिक्त न्यायिक मजिस्ट्रेट बी. पी. ठाकर के समक्षअर्जी दायक की। अर्जी



में उन्होंने कहा कि इस मामले की जांच के दौरान यह पता चला है कि राजकोट नगर निगम के गिरफ्तार किए गए कर्मचारियों ने टीआरपी जोन की पहले से तैयार की गई एक योजना को मंजूरी देने की साजिश रची, जहां आग लगने के एक दिन बाद पिछली तारीख में प्रविष्टियां शामिल कर सबूत नष्ट किए गए।


# बच्चों को क्यों पढ़ाएं हिंसा : एनसीईआरटी निदेशक

## NCERT की किताबों से बाबरी विध्वंस का चैप्टर हटाने पर निदेशक

**एजेंसी | नई दिल्ली**

देश की शीर्ष शिक्षा संस्था एनसीईआरटी के निदेशक दिनेश प्रसाद सकलानी ने अपनी किताबों में किए गए हालिया बदलावों को लेकर बयान दिया है। किताबों के बदलावों को लेकर उठे विवाद के बीच एनसीईआरटी के निदेशक ने कहा कि घृणा और हिंसा शिक्षा के विषय नहीं हैं और स्कूली किताबों में इन पर ध्यान नहीं दिया जाना चाहिए। बता दें एनसीईआरटी की किताबों में बाबरी मस्जिद विध्वंस और भाजपा के वरिष्ठ नेता लाल कृष्ण आडवाणी के नेतृत्व वाली राम रथ यात्रा के संदर्भों को हटा दिया गया है।





### बच्चों की किताबों का भगवाकरण


एनसीईआरटी की किताबों में किए गए बदलाव के मद्देनजर कई सवाल भी उठे। ऐसे आरोप भी लगे की स्कूल के बच्चों की किताबों का भगवाकरण किया जा रहा है। इस बारे में बोलते हुए एनसीईआरटी के निदेशक दिनेश प्रसाद सकलानी ने कहा, 'पाठ्यक्रम का भगवाकरण करने का कोई प्रयास नहीं है, पाठ्यपुस्तकों में सभी परिवर्तन साक्ष्य और तथ्यों पर आधारित हैं।' एनसीईआरटी की किताबों में बाबरी मस्जिद विध्वंस और भाजपा के वरिष्ठ नेता लाल कृष्ण आडवाणी के नेतृत्व वाली राम रथ यात्रा के संदर्भों को हटाए जाने के सवाल पर सकलानी ने कहा, 'हमें छात्रों को दंगों के बारे में क्यों पढ़ाना चाहिए, हमारा उद्देश्य बच्चों को हिंसक, अवसादग्रस्त नागरिक बनाना नहीं है।' सकलानी ने कहा कि पाठ्यपुस्तकों में संशोधन एक वैश्विक प्रथा है, यह शिक्षा के हित में है। किताबों में बदलाव के बारे में जोड़ते हुए सकलानी कहते हैं कि यदि कोई चीज अप्रासंगिक हो जाती है, तो उसे बदला ही जाता है।

# न्यू क्रिमिनल लॉ 1 जुलाई से होगा लागू

**एजेंसी | नई दिल्ली**

कानून एवं न्याय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अर्जुन राम मेघवाल ने बताया कि नए आपराधिक कानून (भारतीय न्याय संहिता, भारतीय सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य) अधिनियम 1 जुलाई 2024 से लागू कर दिया जाएगा। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि भारत के विधि आयोग की रिपोर्टों को ध्यान में रखते हुए तीनों कानूनों में बदलाव किए गए हैं। तीनों नए कानूनों के लिए सभी राज्यों में ट्रेनिंग फैसिलिटी दी जा रही है। जिससे की लोगों को कानून के बारे में और भी बेहतर तरीके से समझ आएगा।

बता दें कि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के तहत पुलिस हिरासत की अवधि अपराध की प्रकार के आधार पर 15 दिन से बढ़ाकर 90 दिनों तक कर दी गई है। अब आईपीसी में 511 धाराओं के



बजाय, भारतीय न्याय संहिता में 358 धाराएं होंगी। इस विधेयक में कुल 20 नए अपराध जोड़े गए हैं। जिसमें 33 अपराधों के लिए कारावास की सजा बढ़ाई गई है। साथ ही 83 अपराधों में जुर्माने की राशि बढ़ाई गई है। इसके अलावा 23 अपराधों में अनिवार्य न्यूनतम सजा पेश की गई है। इसमें 6 अपराधों के लिए सामुदायिक सेवा का दंड पेश किया गया है। वहीं 19 धाराओं को विधेयक से निरस्त कर दिया गया है।

भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता में 484 धाराओं के स्थान पर 531 धाराएं होंगी। विधेयक में कुल 177 प्रावधानों में बदलाव किया गया है। जिसमें 9 नई धाराएँ तथा 39 नई उपधाराएँ जोड़ी गई हैं। मसौदा अधिनियम में 44 नए प्रावधान और स्पष्टीकरण जोड़े गए हैं। 35 धाराओं में समयसीमाएँ जोड़ी गई हैं और 35 स्थानों पर ऑडियो-वीडियो प्रावधान जोड़ा गया है। कुल 14 धाराओं को रद्द कर विधेयक से हटाया गया है।